

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -47 जबलपुर, बुधवार 19 मार्च 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


# नागपुर में हिंसा के बाद 11 इलाकों में कर्फ्यू-50 अरेस्ट, 33 पुलिसकर्मी घायल




नागपुर.(आरएनएस)। नागपुर में औरंगजेब की कब्र को लेकर हुए विवाद ने सोमवार को हिंसक रूप ले लिया. नागपुर के महाल में सोमवार रात दो गुटों के बीच हिंसा भड़क गई थी. महाल के बाद देर रात हंसपुरी में भी हिंसा हुई. अज्ञात लोगों ने दुकानों में तोडफ़ोड़ की और वाहनों में आग लगा दी. प्रशासन ने हिंसा के बाद कई इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया गया है. महाल में हुई हिंसा में कई लोग घायल हुए. इनमें पुलिसकर्मी भी शामिल हैं. उग्र भीड़ ने 25 से अधिक बाइक और 3 कारों को आग के हवाले कर दिया. अब तक 60 से 65 दंगाइयों को हिरासत में लिया गया है जबकि 25 से 30 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं.

यह हिंसा समभाजी नगर में औरंगजेब की कब्र को लेकर विवाद के बीच हुई. बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने इस कब्र को ध्वस्त करने की मांग की थी. दोनों समूहों ने सोमवार सुबह नागपुर में भी प्रदर्शन किया था, इसके कुछ ही घंटों बाद हिंसा भड़क उठी. नागपुर पुलिस का कहना है कि अफवाहों की वजह से झड़प हुई. नागपुर पुलिस के डीसीपी (ट्रैफिक) अर्चित चांडक ने बताया कि घटना गलतफहमी की वजह से हुई लेकिन स्थिति अब नियंत्रण में है. पत्थरबाजी हो रही थी, इसलिए हमने बल प्रयोग किया और आंसू गैस का भी इस्तेमाल किया. अपराधियों की पहचान करने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है. नागपुर के पुलिस आयुक्त डॉ. रविंदर सिंघल ने आश्वस्त किया है कि हालात नियंत्रण में हैं. वहीं सीएम फडणवीस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है.

हिंसा भड़कने के बाद नागपुर के कई इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया गया है. भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 163 लागू की गई है. यह कर्फ्यू कोतवाली, गणेशपेठ, तहसील, लकडग़ंज, पचपाओली, शांतिनगर, शक्करदारा, नंदनवन, इमामवाड़ा, यशोधरानगर और कपिलनगर में लागू किया गया है.

## भरे सदन में फडणवीस ने दंगाइयों को कर दिया चैलेंज, जात-धर्म नहीं देखेंगे



नागपुर(आरएनएस)। नागपुर में हुई हिंसा को लेकर राजनीतिक घमासान शुरू हो गया है। इस हिंसा में 30 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हिंसा की योजना बनाई गई थी, जबकि विपक्ष ने सरकार की ओर से विफलता का आरोप लगाया है। मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र को महाराष्ट्र से बाहर ले जाने की मांग को लेकर सोमवार शाम को हिंसा भड़कने के बाद नागपुर के कई इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। नागपुर हिंसा पर विधानसभा में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि पुलिस पर हमले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे, सख्त कार्रवाई की जाएगी। नागपुर हिंसा पर विधानसभा में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि नागपुर में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने विरोध प्रदर्शन किया। अफ़वाह फैलाई गई कि धार्मिक सामग्री वाली चीजें़ जला दी गईं। यह एक सुनियोजित हमला लगता है। किसी को भी कानून-व्यवस्था अपने हाथ में लेने की इजाज़त नहीं है। नागपुर हिंसा पर विधानसभा में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि यह हिंसक घटना और दंगे पूर्व नियोजित प्रतीत होते हैं। उन्होंने आगे कहा कि छावा फिल्म ने औरंगजेब के खिलाफ लोगों का गुस्सा भड़का दिया है, फिर भी सभी को महाराष्ट्र में शांति बनाए रखनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस हिंसा में 12 दोपहिया वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और घटना स्थल पर 80 से 100 लोगों का जमावड़ा था। हिंसा की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि एक क्रेन और दो जेसीबी समेत चार पहिया वाहनों को जलाया गया। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने नागपुर हिंसा पर कहा कि जिन्होंने पुलिस, समाज, आम लोगों पर हमला किया है। उनको बिल्कुल माफ नहीं किया जाएगा। ये हमारी महाराष्ट्र की भूमिका है। महाराष्ट्र में आप लोग अभी अमन शांति बनाए रखें। मैं जनता से अपील करता हूं कि पुलिस अपना काम कर रही है पुलिस आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने नागपुर हिंसा पर कहा, कल नागपुर में जो घटना हुई वह दुर्भाग्यपूर्ण है। जो आगजनी हुई, जिसमें 2-4 हज़ार लोग एकत्र हुए और कई घरों को निशाना बनाया, पथराव किया, आगजनी की। मोमिनपुरा में, जहां 100-150 गाड़ियां खड़ी रहती थीं, वहां एक भी गाड़ी कल नहीं थी। पुलिस जांच कर रही है कि कहीं ये पहले से सोची-समझी साज़िश तो नहीं है। लोगों पर हमला किया गया, पुलिस की गाड़ियों को भी निशाना बनाया गया। इस घटना में 4 ष्ठष्टक्क स्तर के अधिकारी, 30 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। पुलिस पर हमला करने का मतलब है कानून को अपने हाथ में लेना।

## 'साजिश के तहत की गई हिंसा, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा' नागपुर के हालात पर डिप्टी सीएम शिंदे का बयान

नागपुर। महाराष्ट्र के नागपुर शहर में औरंगजेब के मुद्दे पर बीती रात भड़की हिंसा के बाद 10 थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। इनमें शांति नगर, कोतवाली, गणेश पेठ, नंदनवन थाना क्षेत्र भी शामिल हैं। बता दें, सोमवार को यहां विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल का कार्यक्रम था। शिव जयंती के मौके पर आयोजित यह कार्यक्रम उस समय हिंसा में बदल गया, जब महाल इलाके में दूसरे पक्ष के लोग भी जमा हो गए। देखते ही देखते हिंसा भड़क गई। देर रात तक कई गाड़ियों को फूंक दिया गया। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में लोग पथराव और आगजनी करते रहे। कई पुलिसकर्मियों को भी चोट लगी है।

इस बीच, डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि नागपुर में सोची-समझी साजिश के तहत हिंसा भड़काई गई है। पुलिस जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा।

नागपुर में सुबह हालात सामान्य हैं। हालांकि पूरे शहर में भारी पुलिस बल तैनात है। कर्फ्यू वाले क्षेत्रों को छोड़कर अन्य स्थानों पर लोगों की आवाजाही आम दिनों की तरह ही है।

### पीएम मोदी ने संसद में कहा

## महाकुंभ के रूप में पूरे विश्व ने भारत के विराट स्वरूप के दर्शन किए



नई दिल्ली. (आरएनएस)। पीएम मोदी मंगलवार को लोकसभा में महाकुंभ के आयोजन पर बोले। उन्होंने इस दौरान इस आयोजन में योगदान देने वालों का धन्यवाद किया।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज मैं इस सदन के माध्यम से देशवासियों को नमन करता हूं जिनकी वजह से महाकुंभ का सफल आयोजन हुआ है। महाकुंभ की सफलता में अनेक लोगों का योगदान है.. मैं सभी कर्मयोगियों का अभिनंदन करता हूं। मैं देश भर के श्रद्धालुओं, उत्तर प्रदेश व विशेष रूप से प्रयागराज की जनता का धन्यवाद करता हूं। पीएम ने कहा कि पिछले वर्ष अयोध्या के राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह ने हम सभी को यह अहसास कराया कि देश अगले 1000 वर्षों के लिए कैसे तैयार हो रहा है। इस वर्ष महाकुंभ ने हमारी सोच को और मजबूत किया है, तथा देश की सामूहिक चेतना हमें देश के सामर्थ्य के बारे में बताती है। पीएम ने कहा, मानव जीवन के इतिहास में ऐसे कई मोड़ आते हैं, जो पीढियों को दिशा देते हैं। पीएम मोदी ने महाकुंभ पर बोलते हुए कहा कि आयोजन के दौरान लोग सुविधा-असुविधा की चिंता छोड़कर इसमें शामिल हुए। पीएम ने कहा कि पीढ़ी दर पीढ़ी हमारे संस्कारों के आगे बढने का क्रम जारी है। आज भारत का युवा अपनी परंपरा अपनी आस्था और परंपरा को गर्व के साथ अपना बना रहा है। एक देश के रूप में हम बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने का भरोसा बढ़ा। अपने विरासत से जुडने की परंपरा आज के भारत की सबसे बड़ी पूंजी है. पीएम मोदी ने कहा कि युवा पीढ़ी भी पूरे भाव से महाकुंभ से जुड़ी। महाकुंभ पर सवाल उठाने वालों को जवाब मिला है। देश के कोने-कोने में आध्यात्मिक चेतना उभरी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाकुंभ को भारत के इतिहास में अहम मोड़ करार देते हुए मंगलवार को लोकसभा में कहा कि दुनिया ने देश के विराट स्वरूप को देखा और यह सबका प्रयास का साक्षात स्वरूप था। उन्होंने निचले सदन में प्रयागराज महाकुंभ को लेकर दिए एक वक्तव्य में यह भी कहा कि महाकुंभ से एकता का अमृत और कई अन्य अमृत निकले हैं।

## यूपी में रेल हादसा-बैरिकेडिंग तोड़ ट्रैक पर पहुंचा डंपर, आ गई मालगाड़ी, उड़ गए परखच्चे, एक दर्जन ट्रेनें प्रभावित



अमेठी.(आरएनएस)। यूपी के अमेठी में मंगलवार की तड़के लखनऊ-सुल्तानपुर रेल ट्रैक पर भीषण हादसा हो गया। यहां निहालगढ़ के पूरे शोहरत स्थित रेलवे क्रासिंग बंद हो रही थी। इसी समय तेज रफ्तार डंपर रेल क्रॉसिंग के एक साइड का बूम तोड़ते हुए ट्रैक पर पहुंच गया। गेटमैन ने देखा तो फाटक बंद करके भाग गया। इससे डंपर ट्रैक पर फंसा रह गया.

कुछ देर में ही मालगाड़ी आ गई। ट्रेन ट्रैक पर खड़े डंपर को टक्कर मारते हुए आगे बढ़ गई। ट्रेन में फंसकर डंपर करीब 100 मीटर तक घिसटता रहा। इससे ट्रैक के कई पोल क्षतिग्रस्त हो गए। लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। रेल परिचालन बाधित हो गया। डंपर के परखच्चे उड़ गए। डंपर की लोहे की चादर ट्रेन के इंजन के आगे की हिस्से में चिपक गई। इंजन के कांच टूट गए.

दरअसल, पूरे शोहरत रेलवे क्रासिंग पर तैनात गेटमैन आनंद हर्ष वर्धन को निहालगढ़ रेलवे स्टेशन से वाराणसी की तरफ जा रही मालगाड़ी के आने का संकेत मिला। इस पर फाटक बंद कर रहा था। इसी बीच रायबरेली से अयोध्या जा रहा डंपर क्रॉसिंग का बूम तोड़ते हुए रेल ट्रैक पर पहुंच गया। डंपर को ट्रैक पर देखने के बाद भी गेटमैन ने क्रासिंग पूरी तरह बंद कर दी.

क्रॉसिंग बंद होने से डंपर चालक ने डाउन रेल लाइन किनारे वाहन खड़ा करके गेटमैन से क्रासिंग खोलने की बात कही। लेकिन, गेटमैन उसकी बातों को अनसुना करते हुए मौके से भाग निकला। चालक जब तक गाड़ी आगे पीछे करता तब तक मालगाड़ी आ गई। मालगाड़ी से टकराने के बाद डंपर 100 मीटर तक घिसटता चला गया.

सूचना के बाद उत्तर रेलवे मंडल लखनऊ रेल प्रबंधक सहित रेलवे संरक्षा और सुरक्षा की टीम की मौजूदगी में सुरक्षा व सुरक्षा नियमों के बीच गैस कटर से काटकर रास्ते को साफ करने क्षतिग्रस्त रेलवे लाइन और पोल को ठीक किया। सुबह ट्रैक किनारे लगे पोल की आपूर्ति बाधित होने से अंधेरे में काम करने में भी परेशानी हुई. कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद सुबह करीब 8:30 बजे क्षतिग्रस्त पोल सहित अन्य उपकरणों को सही किया जा सका। छह घंटे बाद दूसरा इंजन पहुंचा, इसे ट्रेन में जोड़ा गया। 7:17 बजे निहालगढ़ स्टेशन पहुंचाया गया। इसके बाद रेल ट्रैक साफ हुआ तो सुरक्षा व संरक्षा का परीक्षण करने के बाद ट्रेनों का परिचालन ट्रैक पर बहाल किया गया।

घटना के बाद रायबरेली-अयोध्या हाईवे पर दोनों तरफ जाम लग गया। जानकारी मिली तो पुलिस ने मार्ग परिवर्तित कर वाहनों को गुजारने की व्यवस्था बनाई। अयोध्या की तरफ से आने वाले वाहनों को रानीगंज से वारिसगंज के रास्ते लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर भेजा। रायबरेली, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़ से अयोध्या धाम जाने वाले वाहनों को जगदीशपुर चौराहे, श्री रामगंज चौराहे पर रोककर अगल बगल के रास्ते से गुजारा गया। इसके बाद किसी तरह स्थिति सामान्य हुई। हालांकि क्रॉसिंग बंद होने से स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

**एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनों का परिचालन हुआ प्रभावित**

हादसे के बाद इस रूट पर रेल परिचालन प्रभावित हो गया। आलम यह रहा रहा कि मेमो ट्रेन, शटल, एक्सप्रेस, कुंभ एक्सप्रेस, सुल्तानपुर लोकमान्य तिलक टर्मिनल, बेगमपुरा एक्सप्रेस, कोटा पटना एक्सप्रेस, फरक्का एक्सप्रेस, सद्भावना एक्सप्रेस और महामना एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग से गुजारा गया। इससे ट्रेनों पर सवार यात्रियों के साथ स्टेशन पर प्रतीक्षा कर रहे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। रेलवे की ओर सुबह 8 बजे सूचना प्रसारित ट्रेनों के दो बजे तक कोई भी ट्रेन नहीं आएगी। डीआरएम सचींद्र मोहन शर्मा ने जानकारी के बाद मौके पर अफसरों संग मौके पर पहुंचे। डीआरएम ने स्थल का निरीक्षण करने के बाद कहा कि क्रासिंग में ट्रक फंस गया था। गाड़ी आ गई, उससे टकरा गई।

## मध्य प्रदेश विधानसभा में हंगामा

### कांग्रेस का आरोप- मंडला में आदिवासी को मारा, सरकार बोली- नक्सली कनेक्शन नहीं मिला तो एक करोड़ रुपये देंगे



भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में मंगलवार के दिन कांग्रेस विधायकों ने मंडला में आदिवासी को नक्सली बताकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। कांग्रेस के विधायकों ने आदिवासियों पर मध्य प्रदेश में अत्याचार का आरोप लगाया।

विक्रांत भूरिया, ओमकार सिंह मरकाम, नारायण सिंह पट्टा ने कहा कि बैगा आदिवासी विशेष पिछड़ी जनजाति का है। जिस व्यक्ति की नक्सली बताकर हत्या की गई, वह सीधा-साधा ग्रामीण है, जो वनोपज संग्रह कर अपना जीवनयापन कर रहा था। मध्य प्रदेश विधानसभा में कांग्रेस विधायकों ने आदिवासी की हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि पीड़ित परिवार को न्याय मिले। इस मामले में सरकार ने जांच के आदेश दिए हैं और पीड़ित परिवार को 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी है।

## 4 दशक पहले फिरोजाबाद में 24 दलितों को मारा था, अब 3 दोषियों को हुई फांसी की सजा

फिरोजाबाद(आरएनएस)। हत्याकांड के बाद स्थानीय निवासी लायक सिंह ने 19 नवंबर को जसराना थाने में तहरीर देकर राधेश्याम उर्फ राधे, संतोष चौहान उर्फ संतोषा, रामसेवक, रविंद्र सिंह, रामपाल सिंह, वेदराम सिंह, मिट्ठू, भूपराम, मानिक चंद्र, लटूरी, राम सिंह, चुन्नीलाल, होरीलाल, सोनपाल, लायक सिंह, बनवारी, जगदीश, रेवती देवी, फूल देवी, कप्तान सिंह, कमरुद्दीन, श्यामवीर, कुंवरपाल और लक्ष्मी समेत 20 से ज्यादा लोगों पर आरोप लगाया था। न्याय के लिए 44 साल के इंतजार के बाद उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में एक विशेष डकैती अदालत ने सनसनीखेज डिहुली गांव नरसंहार मामले में तीन दोषियों को मौत की सजा सुनाई,

## कश्मीर के दुश्मन...अमेरिका-ब्रिटेन का नाम लेकर इतना क्यों भड़क गए जयशंकर?



नई दिल्ली-(आरएनएस)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रायसीना डॉयलाग के दूसरे दिन पाकिस्तान का बिना नाम लिए जमकर निशाना साधा। उन्होंने सबसे पहले पीओके का जिक्र किया और बताया कि कैसे कुछ बड़े देशों ने पाकिस्तान की ओर से किए गए आक्रमण को विवाद में बदल दिया। जयशंकर ने कहा कि हम सभी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की बात करते हैं। हम सभी इस बात पर सहमत हैं कि ये एक महत्वपूर्ण सिद्धांत है। ये वैश्विक नियमों का आधार है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद किसी अन्य देश द्वारा सबसे लंबे समय तक चलने वाला अवैध मैं कहूंगा कि उपस्थिति किसी क्षेत्र पर कब्जा भारत से संबंधित है। डॉ. जयशंकर ने कहा कि हमने कश्मीर में जो देखा है। हम संयुक्त राष्ट्र तक गए। जो आक्रमण था उसे विवाद में बदल दिया गया। हमलावर और पीड़ित को बराबर रखा गया। एस जयशंकर ने सवाल उठाते हुए पूछा कि इसके दोषी कौन थे? ब्रिटेन, कनाडा, बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका। एस जयशंकर ने माफी के साथ अपनी बात रखते हुए कहा कि उस पुराने आदेश पर मेरे पास कुछ सवाल हैं। अब, मैं आपको और भी बहुत कुछ बता सकता हूँ।

## 5 घंटे तक मीटिंग...एक राष्ट्र एक चुनाव पर संसदीय समिति की बैठक में पहुंचे हरीश साल्वे, कहा- संसद के पास कानून बनाने का सर्वोच्च अधिकार

नई दिल्ली-(आरएनएस)। एक देश एक चुनाव विधेयक की जांच कर रही संयुक्त संसदीय समिति के समक्ष पेश हुए पूर्व सॉलिसिटर जनरल हरीश साल्वे ने विश्वास जताया कि विधेयक किसी संवैधानिक प्रावधान का उल्लंघन नहीं करता है और उन्होंने उन आरोपों को खारिज कर दिया कि इससे देश के संघीय ढांचे को नुकसान पहुंचेगा। मध्यावधि चुनाव या पूरा कार्यकाल समाप्त होने से पहले चुनाव होने की स्थिति में क्या होगा, इस बारे में सदस्यों द्वारा व्यक्त की जा रही आशंकाओं पर साल्वे ने समिति को बताया कि बेशक, कानून के भीतर प्रावधान है कि किसी भी संसद या विधानसभा का कार्यकाल पाँच साल तक होता है और इसे बढ़ाया नहीं जा सकता। हालाँकि, न्यूनतम कार्यकाल क्या होना चाहिए, इस पर कोई संवैधानिक स्थिति नहीं है। यह देखने के लिए विकल्प पर विचार करना चाहिए कि क्या विधायक कानून के तहत कोई प्रावधान बनाना चाहेंगे। साल्वे ने कहा कि आखिरकार, संसद सर्वोच्च है और उसके पास कानून बनाने की शक्ति है। अनुच्छेद 83 और 172 वर्तमान में केवल बाहरी सीमाएँ प्रदान करते हैं और कोई न्यूनतम अवधि नहीं। वर्तमान विधेयक इस संवैधानिक योजना में कोई बदलाव नहीं करता है।

## नितेश राणे ने अबू आज़मी को ठहराया जिम्मेदार, उद्धव ने बीजेपी के हिंदुत्व के दावों को दी चुनौती



महाराष्ट्र (आरएनएस)। महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने नागपुर में हाल ही में हुई हिंसा के लिए समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आज़मी को दोषी ठहराया है। उन्होंने दावा किया है कि यह घटना राज्य सरकार को बदनाम करने के लिए पूर्व नियोजित थी। मीडिया से बात करते हुए राणे ने कहा अबू आज़मी इसके लिए ज़िम्मेदार हैं। उन्होंने इस मुद्दे को शुरू किया और यह सरकार की छवि को धूमिल करने के उद्देश्य से हिंसा की एक पूर्व नियोजित कार्रवाई थी।

शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को भाजपा शासित महाराष्ट्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वह औरंगजेब की कब्र को लेकर विवाद का फायदा उठाकर विकास संबंधी अपनी उपलब्धियों से लोगों का ध्यान भटकाना चाहती है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार के निष्क्रिय रहने के फैसले पर सवाल उठाया और कहा कि जब उनके पास ताकत है तो वे कब्र को हटाने में असमर्थ हैं। ठाकरे ने भाजपा के हिंदुत्व के रुख पर सीधा प्रहार करते हुए कहा कि सरकार कहती है कि वह औरंगजेब की मजार को नहीं हटा सकती क्योंकि यह केंद्र द्वारा संरक्षित है। तो फिर आप प्रधानमंत्री मोदी से क्यों नहीं कहते कि वे गुजरात में जन्मे औरंगजेब की मजार को हटा दें? उन्होंने भाजपा के इस दावे को भी चुनौती दी कि आरएसएस के गढ़ नागपुर में हिंदू असुरक्षित हैं। नागपुर में आरएसएस का मुख्यालय है, जो हिंदुओं का रक्षक होने का दावा करता है। वहां हिंदू कैसे खतरे में हो सकते हैं? अगर यह पहले से ही योजनाबद्ध घटना थी, तो आपका गृह मंत्रालय क्या कर रहा था? महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने नागपुर में हाल ही में हुई हिंसा के लिए समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आज़मी को दोषी ठहराया है।




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना अधारताल में में विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि करोंदा वायपास शिवशक्ति ढाबा के पास एक व्यक्ति बैग टांगे रोड़ किनारे खड़ा है अपने पास मादक पदार्थ गांजा रखे बेचने की फिराक में ग्राहक का इंतजार कर रहा है सूचना पर एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत कार्यवाही करते हुये मुखबिर के बताये स्थान करोंदा वायपास शिवशक्ति ढाबा के पास क्राईम ब्रांच एवं थाने की संयुक्त टीम द्वारा दबिश दी गई जहां मुखबिर के बताये हुलिये का व्यक्ति बैग टांगे रोड किनारे खड़ा दिखा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा

## निगम के सभी अधिकारियों कर्मचारियों को स्वच्छता के लिए 100 प्रतिशत अपना अपना परफार्म देने निगमायुक्त के निर्देश

# स्वच्छता के साथ-साथ शहर की सुन्दरता बढ़ाने पर निगमायुक्त का फोकस

### शहर में कराये गए सौन्दर्यीकरण के कार्यों का निगमायुक्त द्वारा किया गया निरीक्षण



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत बड़े पैमाने पर शहर के सभी वार्डो में एक ओर जहाँ साफ-सफाई के कार्य कराये जा रहे हैं वहीं दूसरी ओर निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा शहर को सुन्दर बनाने की दिशा में भी सौन्दर्यीकरण के कार्य भी कराये जा रहे हैं, जिसका निरीक्षण आज उनके द्वारा निगम अधिकारियों के साथ किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त संभव अयाची, स्वच्छता सेल के नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा,सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव, धर्मेन्द्र राज, पोला राव, संभागीय अधिकारी सत्येन्द्र चक्रवर्ती, सहायक यंत्री वीरेन्द्र पाण्डेय, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक अतुल रैकवार, विष्णुकांत दुबे एवं स्वच्छता निरीक्षक आदि उपस्थित रहे। निगमायुक्त ने शहर के सभी





सार्वजनिक एवं सामुदायिक प्रसाधन केन्द्रों का भी निरीक्षण किया और वहाँ की साफ-सफाई व्यवस्था के साथ-साथ अन्य सुविधाओं का भी मुआयना किया और सारी सुविधाएँ स्थाई रूप से रखने के निर्देश प्रसाधन संचालकों एवं केयरटेकर को प्रदान किये, इसपर निगरानी रखने के लिए सभी स्वास्थ्य अमले को भी निर्देशित किया। इसके साथ-साथ निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने तालाबों की साफ-सफाई भी देखी और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निगमायुक्त श्रीमती यादव ने कहा कि स्वच्छता टीम का शेडयूल आ चुका है सभी अधिकारी कर्मचारी अलर्ट होकर कार्य करें। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता में 100 प्रतिशत अपना अपना परफार्म देने के लिए भी निर्देश दिये।

### पूज्य संतो के करकमलों से होगा गंगाजल एवं गुलाल का वितरण-समरंग यात्रा के मार्ग में होगी फूलों की वर्षा

# संस्कारधानी में समरसता की होली महोत्सव आज

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। समरसता सेवा संगठन के तत्वावधान में जबलपुर में सर्व समाज की सहभागिता से समरसता होली महोत्सव का भव्य आयोजन रंगपंचमी पर कल बुधवार 19 मार्च को होने जा रहा है। श्रीराम जानकी मंदिर छोटा फुहारा से समरंग यात्रा के साथ आयोजन की शुरुआत होगी जो विभिन्न मार्ग से भ्रमण करती हुई डी एन जैन कॉलेज परिसर पहुंचेगी जहां पारंपरिक गीत संगीत के साथ परंपरागत व्यंजनों के साथ समरसता होली महोत्सव का आयोजन होगा। समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष श्री संदीप जैन ने बताया लगातार दूसरा वर्ष है जब समरसता सेवा संगठन द्वारा समरसता के पर्व होली पर संस्कारधानी में समरसता की होली का आयोजन रंगपंचमी के अवसर पर किया जा रहा है, पूज्य संतो के सानिध्य, सर्व समाज की सहभागिता और संस्कारधानी के जनमानस की उपस्थिति में यह आयोजन भव्य और गरिमामय होगा। श्री जैन ने बताया संस्कारधानी में समरसता की होली के आयोजन पर कल बुधवार 19 मार्च को रंगपंचमी पर दोपहर 2.30 बजे श्रीराम जानकी मंदिर, छोटा फुहारा से विराट समरंग यात्रा निकाली जाएगी जो मिलौनीगंज चौक, सुभाष टाकीज, कोतवाली, कमानिया, बड़ा फुहारा, लार्डगंज, सुपर बाजार, मालवीय चौक, होते हुए डी.एन. जैन कॉलेज मैदान पहुंचेगी। समाज को संदेश देने शामिल होंगी विभिन्न झांकियां :- श्री जैन ने बताया संतो की अगुआई में भव्य समरंग यात्रा निकाली जाएगी पूरे यात्रा मार्ग पर विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा मंचों से और घर दुकानों से फूलों की होली होगी। शोभायात्रा में बृज की होली, अवध की होली, मसाने की होली, सामाजिक समरसता की झांकी, परिवार सभा (कुटुंब प्रबोधन) की झांकी, पर्यावरण संरक्षण की झांकी, स्वच्छता की झांकी में संदेश के साथ ही संगठन के सदस्यों की तिली द्वारा पूरे मार्ग की सफाई जायेगी। मंचो द्वारा लगाई गई उत्कृष्ट झांकियों को पुरस्कृत किया जाएगा। परंपरागत गायन के साथ पारंपरिक व्यंजनो का होगा आंनद :- शोभायात्रा के समापन के बाद डी.एन. जैन कॉलेज मैदान में समरसता की होली का आयोजन किया गया है जिसमें परंपरागत राई, फाग के साथ, स्टॉल में पारंपरिक व्यंजनों के साथ सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया है इस आयोजन में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ एवं समरस जायका आकर्षण का केंद्र होगा। पूज्य संतो के करकमलों से होगा गंगाजल एवं गुलाल का वितरण :- श्री जैन ने बताया संस्कारधानी में समरसता की होली में जहां पूरी संस्कारधानी समरसता के रंगों में सराबोर होगी वही पूज्य संतो के कर कमलों से प्रयागराज के संगम तट के मां गंगा के पवित्र जल और होली की पावन गुलाल का वितरण भी कार्यक्रम स्थल में किया जाएगा। महिलाओ की होगी विशेष भागीदारी :- श्री जैन ने बताया इस बार के होली महोत्सव में महिला संगठनों के साथ ही बड़ी संख्या में मातृ शक्ति की भागीदारी होगी और व्यंजनों का वितरण महिलाओ के हाथो मे होगा। पार्किंग व्यवस्था :- संगठन सचिव उज्ज्वल पचौरी ने बताया होली महोत्सव के इस विराट आयोजन में आगुंतको के वाहनों के लिए शोभायात्रा के प्रारंभ स्थल और कार्यक्रम स्थल में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। शोभायात्रा में शामिल होने आए आगंतुकों के लिए शासकीय गोविंदगंज स्कूल दमोहनाका में पार्किंग की व्यवस्था की गई है इसी तरह होली महोत्सव के कार्यक्रम स्थल डीएन जैन कॉलेज के पास टू व्हीलर वाहनों की पार्किंग जार्ज टाउन स्कूल मालवीय चौक, डॉ जामदार के पुराने अस्पताल में एवं फोर व्हीलर वाहनों की पार्किंग शहीद स्मारक मैदान गोलबाजार में की गई है। श्री पचौरी ने कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी आगंतुकों से निर्धारित पार्किंग स्थल पर वाहन पार्क करने का आग्रह किया है।

**समरसता सेवा संगठन ने की भव्य आयोजन का हिस्सा बनने की अपील**

## सम्भाग 08 भानतलैया में बकाया राशि पर 24 घंटे का नोटिस जारी किया गया था जिसके तहत करदाता ने 75000 का चेक दिया गया



आयुक्त महोदय के आदेश अनुसार सम्भाग 08 भानतलैया ने सम्पत्ति कोड 1000419144पर 267054/ की बकाया राशि पर 24 घंटे का नोटिस जारी किया गया था जिसके तहत करदाता ने 75000/ पछततर हजार का 18/3/2025 का चेक दिया गया बकाया दारों से निरंतर सम्पर्क किया जा रहा है साथ ही सम्भाग 08 बकाया दारों पर कार्यवाही कर रहा है कार्यवाही में सम्भागीय अधिकारी मोहित नागर राजस्व निरीक्षक देवनाथ राठौर सहित पूरी राजस्व टीम मोजूद थी

## नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के दौरान संतरागाछी हमसफ़र एक्सप्रेस दो ट्रिप निरस्त रहेगी

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि) रेलवे प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल में प्री-एनआई व एनआई कमीशनिंग के तहत चौथी रेललाइन कनेक्टिविटी का कार्य किया जायेगा। इस कार्य के दौरान कुछ यात्री रेलगाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इस दौरान पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली जबलपुर-संतरागाछी-जबलपुर हमसफ़र एक्सप्रेस प्रभावित रहेंगी। हमसफ़र ट्रेन का विवरण निम्नानुसार है :- 1) दिनाँक 16 एवं 23 अप्रैल 2025 को संतरागाछी से चलने वाली गाड़ी संख्या 20828 संतरागाछी-जबलपुर हमसफ़र एक्सप्रेस ट्रेन दो ट्रिप के लिए निरस्त रहेगी। 2) दिनाँक 17 एवं 24 अप्रैल 2025 को जबलपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 20827 जबलपुर-संतरागाछी हमसफ़र एक्सप्रेस ट्रेन दो ट्रिप के लिए निरस्त रहेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि ट्रेन की उचित स्थिति की जानकारी स्टेशन, एनटीईएस, 139 रेल मदद अथवा ऑनलाइन वेबसाइड से प्राप्त कर यात्रा करें।

## मालदा टाउन टाउन-पुणे के बीच स्पेशल ट्रेन जबलपुर होकर चलेगी एक-एक ट्रिप

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि) रेल प्रशासन द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के उद्देश्य से गाड़ी संख्या 03425/03426 मालदा टाउन-पुणे-मालदा टाउन के मध्य एक-एक ट्रिप होली स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल ट्रेन पमरे के सतना, कटनी, जबलपुर, पिपरिया एवं इटारसी स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी गाड़ी संख्या 03425 मालदा टाउन से पुणे होली स्पेशल ट्रेन दिनांक 21 मार्च 2025 को मालदा टाउन स्टेशन से सायं 17.30 बजे प्रस्थान कर, दूसरे दिन सतना दोपहर 13.50 बजे, कटनी 14.40 बजे, जबलपुर सायं 16.10 बजे, पिपरिया 18.25 बजे, इटारसी रात 20.00 बजे, पहुंचकर और तीसरे दिन सुबह 11.35 बजे पुणे स्टेशन पहुँचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 03426 पुणे से माल्दा टाउन होली स्पेशल ट्रेन दिनांक 23 मार्च 2025 को पुणे स्टेशन से रात्रि 22.00 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन इटारसी दोपहर 13.00 बजे, पिपरिया 14.10 बजे, जबलपुर सायं 16.30 बजे, कटनी 17.58 बजे, सतना रात 19.25 बजे और तीसरे दिन सायं 16.30 बजे मालदा टाउन स्टेशन पहुँचेगी।

कोच कंपोजीशन: इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 04 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 09 शयनयान श्रेणी, 03 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 19 कोच रहेंगे। गाड़ी के हाल्ट- रास्ते में यह स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में न्यू फरक्का, बड़हरवा जंक्शन, साहिबगंज जंक्शन, कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर जंक्शन, अभयपुर, किऊल जंक्शन, मोकामा, बख्तियारपुर, पटना जंक्शन, दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जंक्शन, सतना जंक्शन, कटनी, जबलपुर, पिपरिया, इटारसी जंक्शन, खण्डवा जंक्शन, भुसावल जंक्शन, जलगांव जंक्शन, मनमाड़ जंक्शन एवं दौंड कॉर्ड लाइन स्टेशनों पर रुकेगी।

रेल यात्रियों से अनुरोध है कि होली स्पेशल ट्रेन की विस्तृत जानकारी रेलवे स्टेशन, रेल मदद 139 एवं वेबसाइड ऑनलाइन प्राप्त कर सकते हैं।

## एम.पी. ट्रांसको में 3878 आउटसोर्स कर्मियों के बनाये गये आयुष्मान कार्ड

जबलपुर। भारत सरकार की आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी में कार्य कर रहे पात्र आउटसोर्स कर्मियों के भारी संख्या में आयुष्मान कार्ड बनवाये जा रहें है। मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने बताया कि भारत सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना का मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी में प्रभावी क्रियान्वयन किया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि विभिन्न सबस्टेशनों और लाइन मेंटेनेन्स में कार्य करने वाले 5919 आउटसोर्स कर्मियों में से इस योजना के लिये पात्र 3878 कर्मियों के आयुष्मान कार्ड बनवाकर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की गई है। सबस्टेशनों और ट्रांसमिशन लाइनों में जोखिम का कार्य करने वाले कर्मियों के लिये यह कर्मचारी राज्य बीमा निगम की स्वास्थ्य योजना के अतिरिक्त है। इसके अलावा आउटसोर्स कान्ट्रेक्टर्स द्वारा भी किसी बीमा कंपनी, बैंक या पोस्ट ऑफिस के माध्यम से 5 लाख का जोखिम बीमा एम.पी. ट्रांसको की शर्तो व अनुबंध के अनुसार कराया जाता है।

# रेलवे में चेन पुलिंग के विरुद्ध चलाया जा रहा जागरुकता अभियान

### ढाई माह में 2038 मामले दर्ज किए, 4 लाख 24 हजार रूपये जुर्माना वसूला

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेलवे सुरक्षा बल, पश्चिम मध?य रेलवे द्वारा सभी यात्रियों से अपील की जाती है कि वे ट्रेन यात्रा के दौरानअलार्म चेन पुलिंगकरने से बचें। इससे यात्रियों के लिए समस्याएँ उत्पन्न होने के साथ रेल परिचालन में भी व?यवधान उत?पन?न होता है। उचित कारण के बिना अलार्म चेन पुलिंग करने वालों के खिलाफ रेलवे सुरक्षा बल, पश्चिम मध?य रेलवे द्वारा कड़े कदम उठाये जा रहे है, ताकि यात्रियों की यात्रा सुरक्षित और आरामदायक हो सके।

अलार्म चेन पुलिंग के नकारात्मक प्रभाव:-

? सुरक्षा पर खतराअलार्म चेन पुलिंग से ट्रेन की गति रुक जाती है।

? यात्रियों को असुविधाइससे ट्रेन का समय बाधित होता है, और यात्रियों को असुविधा होती है।? आर्थिक नुकसानरेलवे संचालन में रुकावट के कारण आर्थिक नुकसान होता है।

आरपीएफ की कार्रवाई:-

? कानूनी कार्यवाहीदोषी व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जा रही है, ताकि इस प्रकार की गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

? उचित दंडभारतीय रेलवे के तहत ऐसे अपराधों कोरेलवे अधिनियम की धारा 141 के तहत दोषी व्यक्ति को01 साल तक की सजा, 1000 रुपये तक का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं। वर्ष 2024 में रेलवे अधिनियम की धारा 141 के तहत पश्चिम मध्य रेलवे, आरपीएफ द्वारा कुल 10,391 मामले दर्ज कर न?यायालय के माध?यम से 40,86,833/- रूपये का जुर्माना एवं वर्ष 2025, 16 मार्च तक 2038 मामले दर्ज कर न?यायालय के माध?यम से 4,24,185/- रूपये का जुर्माना वसूल किया गया।

जागरूकता अभियान:- आरपीएफ यात्रियों को इसके नकारात्मक प्रभावों के बारे में जागरूक कर रही है, ताकि वे इस आदत से बचें और सुरक्षा में सहयोग करें।

पश्चिम मध?य रेलवे प्रशासन सभी यात्रियों से अनुरोध करता है कि ट्रेन यात्रा के दौरान केवल आपातकालीन स्थिति में ही अलार्म चेन का प्रयोग करें। रेलवे के सुरक्षा प्रयासों में सहयोग करें और एक सुरक्षित यात्रा का हिस्सा बनें।

## जबलपुर की धरा पर आध्यात्मिक चेतना का आलोक मानवता और युवा ऊर्जा का दिव्य संगम



जबलपुर- सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं सत्कार योग्य निरंकारी राजपिता रमित जी की पावन छत्रछाया में 23 मार्च, 2025 को जबलपुर के गुलशन ग्रीन एवं रक्षा फार्म के पीछे, जे.डी.ए. स्कीम-41, विजय नगर, जबलपुर (मध्य प्रदेश) में भव्य राज्य स्तरीय निरंकारी संत समागम का आयोजन किया जा रहा है। प्रात: 11.00 से सायं 4.00 बजे तक होने वाले इस दिव्य आयोजन को लेकर श्रद्धालु भक्तों के हृदयों में अपार श्रद्धा और उत्साह का दिव्य संचार हो रहा है। भक्तजन पूर्ण श्रद्धा और उत्साह से तैयारियों में संलग्न हैं, ताकि यह समागम एक दिव्य और सार्थक आध्यात्मिक संगम बन सके। इस शुभ अवसर पर प्रेम, शांति और एकता की मधुर धारा प्रवाहित होगी जो सभी को आत्मिक उन्नति की ओर प्रेरित करेगी। इस अवसर पर मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में एकत्र होकर सत्संग की मधुरता और आध्यात्मिक आनंद का अनुभव करेंगे। समागम स्थल पर सभी आवश्यक तैयारियाँ की जा रही हैं ताकि प्रत्येक श्रद्धालु को दिव्यता और भक्ति का अद्भुत अनुभव प्राप्त हो। भक्तजन पूरी निष्ठा और सेवाभाव से समागम स्थल को स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित बनाने में योगदान दे रहे हैं। लंगर, प्याऊ, चिकित्सा सुविधा, पार्किंग और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। स्थानीय प्रशासन भी इस आयोजन की सफलता हेतु पूर्ण सहयोग प्रदान कर रहा है। इस संत समागम से पूर्व युवाओं को प्रेरित करने और उनकी ऊर्जा को सकारात्मक एवं रचनात्मक दिशा देने के उद्देश्य से 21 एवं 22 मार्च को 'निरंकारी यूथ सिम्पोजियम' का आयोजन किया जाएगा।

# आज की जनसुनवाई में प्राप्त हुए 14 प्रकरण



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आज निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त वेदप्रकाश एवं कार्यपालन यंत्री नवीन लोनारे ने जनसुनवाई कक्ष में आज दिनांक 18 मार्च 2025 को प्रात: 11:00 बजे से 01:00 बजे तक नागरिकों की समस्याएँ सुनी। इस दौरान भवन शाखा की 3, अतिक्रमण की 2, योजना की, बाजार की 2, जलप्रदाय की 2, स्वास्थ्य की 3, कॉलोनी की 1 एवं 1 पेंशन सं संबंधित कुल 14 जनसमस्याएँ प्राप्त हुई, जिसका निराकरण सुनवाई के दौरान ही किया गया। सहायक आयुक्त वेदप्रकाश ने बताया कि सभी प्राप्त शिकायतें संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द निराकरण हेतु प्रेषित की गयी हैं। उन्होंने बताया कि नगर निगम के संभाग क्रमांक 1 से 16 में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया तथा नागरिकों की समस्याएँ सुनी गई और उनका निराकरण भी कराया गया। जनसुनवाई के दौरान सभी विभागीय प्रमुख आदि उपस्थित रहे।



भोपाल -न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीदी 15 मार्च से शुरू हो चुकी है। समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी 5 मई तक की जायेगी। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये के अलावा किसानों को 175 रुपये प्रति क्विंटल बोनस भी देगी। इस बार 2600 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीदा जाएगा। किसानों गेहूं बेचने के लिए ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग करनी होगी। साथ ही जिन किसानों ने गेहूं उपार्जन के लिए अभी तक पंजीयन नहीं कराया है, वे 31 मार्च 2025 तक करवा सकते हैं।

**शहरों और ग्रामों में नागरिकों के लिए सुनिश्चित करें पीने के पानी का प्रबंध-मुख्यमंत्री ने पेयजल प्रबंधों की जानकारी लेकर दिए निर्देश**

# सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से सार्वजनिक प्याऊ किए जाएं प्रारंभ-मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्रीष्मकाल के दृष्टिगत प्रदेश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों के लिए पर्याप्त पेयजल प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से सार्वजनिक प्याऊ स्थापित कर राहगीरों के लिए भी पीने के पानी का प्रबंध किया जाए। शहरों में प्रत्येक मोहल्ले में पेयजल की उपलब्धता, पानी की टंकियों की स्वच्छता और व्यवस्थित पेयजल वितरण जैसे कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न हों। ग्रामों में नल-जल योजनाओं के क्रियान्वयन से ग्रामीण आबादी को लाभान्वित किया जाए। हर घर में टोंटी से जल पहुंचाने के कार्य पूर्ण किए जाएं। जिन क्षेत्रों में पेयजल की समस्या है, वहां लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, स्थानीय निकाय मिलकर नागरिकों के लिए समाधान की कार्यवाही करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में हुई एक बैठक में पेयजल प्रबंधों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्रीमती संपतिया उइके, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के जनजातीय बहुल क्षेत्रों में धरती आबा उत्कर्ष अभियान में अन्य विभागों के सहयोग से पेयजल प्रबंध के कार्य भी सम्पन्न किए जाएं। अन्य ग्रामों में एकल ग्राम नल-जल योजना और जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल घोषित ग्रामों में पेयजल की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। पेयजल प्रदाय के साथ ही स्वच्छता से संबंधित गतिविधियों का भी संचालन किया जाए। पंचायत एवं ग्रामीण विकास और कृषि विभाग के अमले का सहयोग भी पेयजल प्रदाय में प्राप्त किया जाए। पंचायतों के पदाधिकारी और शहरों में नगरीय निकायों के अमले द्वारा पेयजल प्रदाय को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पेयजल के साथ स्वच्छता के कार्यों को पूर्ण कर प्रदेश को, देश में मॉडल बनाया जा सकता है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जल गंगा जल संवर्धन अभियान में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की सक्रिय भूमिका की अपेक्षा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अनुपयोगी हैंडपम्पों को उपयोगी बनाने के लिए रिचार्ज करने की योजना का क्रियान्वयन भी प्रदेश में किया जाए।

बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में जल जीवन मिशन के प्रारंभ होने से लेकर अब तक 62 लाख 71 हजार 124 कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। यह प्रदेश के कुल घरों एक करोड़ 11 लाख 80 हजार 901 का 63.81 प्रतिशत है। दिनांक 16 मार्च 2025 की स्थिति में प्रदेश के 76 लाख 24 हजार 275 घरों में नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं, यह उपलब्धि 68.19 प्रतिशत है। प्रदेश में 147 समूह नल जल प्रदाय योजनाओं के माध्यम से 23 हजार 164 ग्राम और 27 हजार 990 ग्राम, एकल ग्राम नल जल योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित हो रहे हैं। प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों में हैंडपम्पों का संधारण लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और नल जल योजनाओं का संचालन संधारण संबंधित ग्राम पंचायतों द्वारा किया जा रहा है। प्रदेश में 5 लाख 62 हजार 776 हैंडपम्प पेयजल प्रदाय में सहयोगी हैं।

# मध्य प्रदेश में अंत्येष्टि और अनुग्रह राशि के भुगतान में गड़बड़ी, कैग रिपोर्ट में खुलासा

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश में पंजीकृत कर्मकारों की अंत्येष्टि सहायता और अनुग्रह सहायता राशि में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। यह राशि कर्मकारों के परिजनों के बैंक खातों की जगह अन्य खातों में जमा कर दी गई। इसके अलावा भी भारत के नियंत्रक-महा लेखापरीक्षक के प्रतिवेदन में कई योजनाओं में गड़बड़ी का खुलासा हुआ है।

कैग की रिपोर्ट के मुताबिक कल्याण योजना निधि में पंजीकृत कर्मकारों के उत्तराधिकारी को अंत्येष्टि सहायता और अनुग्रह सहायता राशि के लिए संबंधित अधिकारी के पास निर्धारित प्रारूप में आवेदन करना होता है। इसी आवेदन पर संबंधित व सक्षम अधिकारी जांच के उपरांत मृत कर्मकार के उत्तराधिकारी के बैंक खाते में अंत्येष्टि और अनुग्रह राशि जमा की जाती है। इस प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया, बल्कि राशि को दूसरे बैंक खातों में जमा किया गया। कैग की रिपोर्ट बताती है कि अंत्येष्टि और अनुग्रह राशि के भुगतान की नशितयों और श्रम सेवा पोर्टल के आंकड़ों के विश्लेषण में एक बात साफ हुई है कि चयनित नगरीय निकायों में 142 प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों ने 52 बैंक खातों में एक करोड़ 68 लाख रुपये जमा किए गए। यह खाते कर्मकार के उत्तराधिकारी के नहीं थे।

इतना ही नहीं, राज्य में प्राकृतिक आपदा के तहत प्रभावितों को सहायता राशि दी जाती है। राज्य के वर्ष 2018-19 से 2021-22 के अवधि के बीच 10060 करोड़ की राशि वितरित की गई। 13 जिलों को चयनित कर जब कैग ने अध्ययन किया, तो पता चला कि इन जिलों के कर्मचारियों और उनके रिश्तेदारों सहित अनाधिकृत व्यक्तियों को 23 करोड़ 81 लाख का अनाधिकृत वितरण किया गया। इसके लिए कूटरचित दस्तावेज भी तैयार किए गए।

कैग रिपोर्ट ने यह भी खुलासा किया है कि इंदौर के ग्राम बांगड़दा में एक चैरिटेबल ट्रस्ट को शून्य रुपए प्रीमियम और एक रुपए वार्षिक पट्टा किराए पर शासकीय भूमि के आवंटन के परिणामस्वरुप 4 करोड़ 19 लाख के प्रीमियम और 4 लाख 18 हजार प्रति वर्ष के वार्षिक पट्टा किराए की हानि हुई है।

**मंडला नक्सली एनकाउंटर पर सदन से विपक्ष का वॉकआउट**

भोपाल (आरएनएस)।मध्य प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का आज सोमवार को 5वां दिन है। सदन में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायकों ने मंडला में हुए नक्सली एनकाउंटर को फर्जी बताया। साथ ही, उस एनकाउंटर की जांच की मांग करते हुए दोषियों के खिलाफकार्रवाई करने को कहा है। यही नहीं, सदन में काफी देर नारेबाजी करते हुए कांग्रेस ने वॉकआउट कर दिया। प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायकों ने मंडला में नक्सली एनकाउंटर को फर्जी बताते हुए सदन से वॉक आउट कर दिया।

# प्रवासी नेपाली संपर्क मंच के जनेऊ संस्कार कार्यक्रम में सम्मिलित हुए सबनानी

भोपाल (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी रविवार को प्रवासी नेपाली संपर्क मंच द्वारा आयोजित सामूहिक जनेऊ संस्कार कार्यक्रम में सम्मिलित रहे। बच्चों के जनेऊ संस्कार (बर्त्तबन्द) का आयोजन गढ़वाली समाज भवन तुलसी नगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रवासी नेपाली संपर्क मंच के अध्यक्ष लोकमणी पौडेल द्वारा सबनानी का पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर सबनानी ने कहा कि संस्कारों से जुड़कर ही संस्कृति समृद्ध होती है, यह संस्कार न केवल नई पीढ़ी को अपने मूल से जोड़ता है, बल्कि जीवन में मर्यादा,अनुशासन और संस्कारों की नींव भी मजबूत करता है,वर्तमान समय में इंटरनेट के माध्यम से बच्चों की पहुंच से कोई भी चीज दूर नहीं रह गई है और वह इसका क्या इस्तेमाल कर रहे है यह देखना अभिभावकों की जिम्मेदारी है बच्चों में संस्कारों के प्रति आदर हो और वह अपने सामाजिक दायित्व को समझे इसके लिए इस प्रकार का आयोजन बहुत ही जरूरी है। मैं इस अवसर पर आप सभी को होली एवं रंग पंचमी की अपनी शुभकामनाएं देता हूं।

इस अवसर पर प्रवासी नेपाली संपर्क मंच समिति के सदस्य डोल राज भंडारी, जीव नारायन घिमिरे, गणेश पांडे, के आर शर्मा, दीपक भंडारी, इस्वरी खनाल, महासचिव अखिलनाथ नाथ शर्मा सहित महिला समिति सदस्यों के साथ बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस से शुरू हुआ मीजल्स-रुबेला वैक्सीनेशन का कैचअप राउंड

भोपाल (आरएनएस)। राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के तारतम्य में आज से विशेष कैचअप राउंड संचालित किया जाएगा, जिसमें टीकाकरण कवरेज और मीजल्स व रूबेला बीमारियों के प्रति जागरूकता को बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। भारत सरकार ने साल 2026 तक मीजल्स और रूबेला निर्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया है। लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एम आर 1 एम आर 2 टीकों का 95त्न कवरेज किया जाना है। 17 मार्च से 22 मार्च तक टीकाकरण जन जागृति सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा।इस दौरान जन जागरूकता रैलियां, स्वास्थ्य कर्मियों का उन्मुखीकरण, शपथ कार्यक्रमों, दीवार लेखन, हस्ताक्षर अभियान संचालित किए जाएंगे।

सरकार द्वारा 12 गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए निशुल्क टीके लगाए जाते हैं। वैक्सीन रोधी बीमारियों की जागरूकता के लिए होली की पूर्व संध्या पर सीएमएचओ कार्यालय में अनूठे अंदाज में होलिका दहन किया गया था। भोपाल सांसद आलोक शर्मा, स्थानीय विधायक भगवानदास सबनानी, नगर पालिक निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, पार्षदगण बृजुला सचान एवं आरती अनेजा सहित गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में टीके न लगवाने से होने वाली बीमारियों की प्रतीकात्मक होली जलाकर स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न सेवाओं की जानकारी दी गई थी।

टीकों के प्रति जागरूकता के लिए किए गए इस नवाचार को भारत सरकार द्वारा भी सराहा गया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के संयुक्त सचिव द्वारा इसे एक बेहतरीन पहल बताते हुए प्रशंसा की गई है। सांसद आलोक शर्मा द्वारा भी सीएमएचओ कार्यालय की इस कदम की सराहना की गई थी। विधायक भगवानदास सबनानी ने परिजनों से मीजल्स रुबेला सहित सभी टीके निर्धारित समय पर लगवाने की अपील की गई है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि टीकों के द्वारा ही कई बीमारियों का उन्मूलन किया जा चुका है। जबकि कई जानलेवा बीमारियों से बचाव में भी टीके महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। आज टीकाकरण के द्वारा ही पोलियो, हेपेटाइटिस बी,टीबी, डिप्थीरिया, पर्टूटिस, टिटनेस, निमोनिया, डायरिया, खसरा, रूबेला जैसी गंभीर एवं जानलेवा बीमारियों से बचाव हो रहा है।

टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत हेपेटाइटिस बी, पोलियो, बीसीजी, रोटावायरस, एफ आईपीवी, पीसीवी, पेंटावेलेंट, विटामिन ए, मीजल्स, रुबेला, डीपीटी, टीडी के टीके लगाए जा रहे हैं। ये सभी टीके शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में नि:शुल्क लगाए जाते हैं।

# शहर से स्टीकर, पम्पलेट, पोस्टर को हटाकर इनसे मुक्त बनाएं

भोपाल (आरएनएस)। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने स्वच्छ सर्वेक्षण के मापदण्डों अनुसार शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया और वी.सी. के माध्यम से निर्देशित किया कि स्वास्थ्य अमला युद्धस्तर पर साफ-सफाई व्यवस्था में जुट जाए और विजिवल क्लीनेस (दृश्य स्वच्छता) को और बेहतर करें। निगम आयुक्त ने स्वास्थ्य अमले को जोन, वार्डों में घूम-घूमकर साफ-सफाई की निरंतर मॉनीटरिंग करने एवं सीटी वीटी का निरीक्षण कर उन्हें बेहतर बनाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने सेन्ट्रल वर्ज, साइड वर्ज व डिवाइडर की धूल, मिट्टी हटाकर बेहतर साफ-सफाई कराने तथा ग्रीन वेल्ट में पिकिंग कराने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने शहर भर से स्टीकर, पम्पलेट, पोस्टर, बैनर हटाकर शहर को इनसे मुक्त बनाने तथा पान, गुटके की पीक की धुलाई कराने के निर्देश दिए।

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने सोमवार को स्वच्छ सर्वेक्षण के मापदण्डों अनुसार शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के लिए लिंक रोड नं. 01 एवं 02, बोर्ड आफिस चैराहा, चेतक ब्रिज, गौतम नगर चैराहा, आईएसबीटी, रानी कमलापति स्टेशन, नर्मदापुरम मार्ग, बागसेवनिया, मिसरोद, सावरकर सेतु, अरेरा कालोनी, बांसखेड़ी, हबीबगंज थाना सहित विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया और वी.सी. के माध्यम से निर्देशित किया कि स्वास्थ्य अमला युद्धस्तर पर साफ-सफाई व्यवस्था में जुट जाए और विजिवल क्लीनेस (दृश्य स्वच्छता) को और बेहतर करें। निगम आयुक्त ने स्वास्थ्य अमले को जोन एवं वार्डों में घूम-घूमकर साफ-सफाई की निरंतर मॉनीटरिंग करने तथा सीटी वीटी का निरीक्षण कर उन्हें बेहतर बनाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने सेन्ट्रल वर्ज, साइड वर्ज व डिवाइडर की धूल, मिट्टी हटाकर बेहतर साफ-सफाई कराने तथा ग्रीन वेल्ट में पिकिंग कराने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने शहर भर से स्टीकर, पम्पलेट, पोस्टर, बैनर हटाकर शहर को इनसे मुक्त बनाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने शहर के ओवर ब्रिज, दीवालों आदि स्थानों में गुटका, पान थूककर उसके सौन्दर्य को नष्ट करने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए संबंधितों पर कार्यवाही करने और पान, गुटके की पीक की धुलाई कराने के निर्देश दिए।

## सिंगरौली से जबलपुर जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस दो हिस्सों में बंट गई

सिंगरौली (आरएनएस)। सिंगरौली से जबलपुर जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 11651) दो हिस्सों में बंट गई। हादसा सुबह 7:40 बजे शहडोल जिले के ब्यौहारी रेलवे स्टेशन से 2 किलोमीटर आगे एक रेलवे पुल पर हुआ।

हादसे के समय ट्रेन के 5-6 डिब्बे इंजन के साथ रहे। थर्ड एसी के बाद के चार डिब्बे पीछे छूट गए। ट्रेन के अलग होते ही चालक दल ने तुरंत ट्रेन रोक दी। यात्रियों को तेज झटका लगा। शुरुआत में यात्रियों को लगा कि किसी ने चेन पुलिंग की है।

# भोपाल के 4 आयुष्मान आरोग्य मंदिर नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड सर्टिफाइड

भोपाल (आरएनएस)।स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता के लिए दिए जाने वाले नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड के तहत भोपाल के 4 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का प्रमाणीकरण हुआ है। नेशनल हेल्थ सिस्टम रिसोर्स सेंटर द्वारा जारी प्रमाणीकरण में आयुष्मान आरोग्य मंदिर ईंटखेड़ी 86.60त्न, आयुष्मान आरोग्य मंदिर सूरजपुरा 84.07त्न, आयुष्मान आरोग्य मंदिर खजूरी सड़क 92.84त्न और आयुष्मान आरोग्य मंदिर रायपुर 85.82त्न अंकों के साथ क्वालीफाई हुए हैं।

इन संस्थाओं का फरवरी माह में मूल्यांकन हुआ था। जिसमें संस्था के सभी रिकॉर्ड्स एवं रजिस्टर एवं मरीजों को दी जा रही सेवाओं के प्रोटोकॉल के बारे में जानकारी ली गई थी। साथ ही सामुदायिक चिकित्सा अधिकारी, एएनएम, आशा कार्यकर्ता से फील्ड के अनुभवों का फीडबैक एवं स्टाफकी क्षमता आकलन के लिए उनका साक्षात्कार भी लिया गया।

मूल्यांकन के दौरान विभिन्न 7 सर्विस पैकेजेस की चेक लिस्ट अनुसार किया गया। जिसमें गर्भावस्था एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल, बाल्यावस्था और किशोर स्वास्थ्य सेवाएं, परिवार कल्याण सेवाएं, असंचारी रोग व संचारी रोग का उपचार एवं प्रबंधन, नवजात देखभाल सहित आउटरीच गतिविधियों एवं सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी ली गई थी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। सभी संस्थाओं का संचालन क्वॉलिटी मानकों के अनुरूप किया जा रहा है।

## मऊगंज हमले में जान गंवाने वाले एएसआई रामचरण गौतम पंचतत्व में विलीन

मऊगंज (आरएनएस)। जिले में आदिवासी परिवार के हमले में जान गंवाने वाले एएसआई रामचरण गौतम पंचतत्व में विलीन हो गए। राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। बड़े बेटे ने उन्हें मुखाग्नि दी। इससे पहले रविवार दोपहर को एएसआई की पार्थिव देह सतना जिले में गृह ग्राम पवैया पहुंची। तिरंगे में लिपटे शव को देखकर वहां का माहौल गमगीन हो गया। एएसआई को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।इसके बाद अंत्येष्टि की गई।

दरअसल, शाहपुरा के गड़रा गांव में आदिवासी परिवार ने कल यानी शनिवार को एक युवक को बंधक बना लिया था। उसे छुड़ाने पहुंचे टीआई संदीप भारती और पुलिस टीम पर आरोपियों ने हमला कर दिया था। तहसीलदार के हाथ-पैर तोड़ दिए थे। हमले में टीआई समेत 13 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। इनमें 4 रीवा के संजय गांधी मेडिकल अस्पताल और बाकी मऊगंज के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती हैं। आदिवासी परिवार ने बंधक बनाए युवक की भी हत्या कर दी थी। इसके बाद गांव में धारा 163 (आपातकालीन स्थिति में) लगाई गई है।

# सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से सार्वजनिक प्याऊ किए जाएं प्रारंभ : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्रीष्मकाल के दृष्टिगत प्रदेश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों के लिए पर्याप्त पेयजल प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से सार्वजनिक प्याऊ स्थापित कर राहगीरों के लिए भी पीने के पानी का प्रबंध किया जाए। शहरों में प्रत्येक मोहल्ले में पेयजल की उपलब्धता, पानी की टंकियों की स्वच्छता और व्यवस्थित पेयजल वितरण जैसे कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न हों। ग्रामों में नल-जल योजनाओं के क्रियान्वयन से ग्रामीण आबादी को लाभान्वित किया जाए। हर घर में टोंटी से जल पहुंचाने के कार्य पूर्ण किए जाएं। जिन क्षेत्रों में पेयजल की समस्या है, वहां लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, स्थानीय निकाय मिलकर नागरिकों के लिए समाधान की कार्यवाही करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में हुई एक बैठक में पेयजल प्रबंधों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी संपतिया उइके, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के जनजातीय बहुल क्षेत्रों में धरती आबा उत्कर्ष अभियान में अन्य विभागों के सहयोग से पेयजल प्रबंध के कार्य भी सम्पन्न किए जाएं। अन्य ग्रामों में एकल ग्राम नल-जल योजना और जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल घोषित ग्रामों में पेयजल की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। पेयजल प्रदाय के साथ ही स्वच्छता से संबंधित गतिविधियों का भी संचालन किया जाए। पंचायत एवं ग्रामीण विकास और कृषि विभाग के अमले का सहयोग भी पेयजल प्रदाय में प्राप्त किया जाए। पंचायतों के पदाधिकारी और शहरों में नगरीय निकायों के अमले द्वारा पेयजल प्रदाय को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पेयजल के साथ स्वच्छता के कार्यों को पूर्ण कर प्रदेश को, देश में मॉडल बनाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने जल गंगा जल संवर्धन अभियान में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की सक्रिय भूमिका की अपेक्षा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अनुपयोगी हैंडपम्पों को उपयोगी बनाने के लिए रिचार्ज करने की योजना का क्रियान्वयन भी प्रदेश में किया जाए।

बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में जल जीवन मिशन के प्रारंभ होने से लेकर अब तक 62 लाख 71 हजार 124 कनेक्शन प्रदान किए गए हैं।

## देर शाम उपमुख्यमंत्री पहुंचे घटनास्थल, पीड़ित परिवार से मिलकर बोले-आरोपियों को कड़ी सजा देंगे

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के मऊगंज जिले के ग्राम गडरा में हुई हिंसा में युवक की मौत के बाद मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला मौके पर पहुंचे और शोकाकुल परिवार से मुलाकात की. उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देंगे. मऊगंज के गडरा गांव में हुई हिंसा के बाद हड़कंप मचा हुआ है. रविवार की देर शाम को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला मऊगंज के गडरा गांव में पहुंचे. यहां मृतक के परिजनों से उन्होंने मुलाकात की. पीड़ित परिवार ने त्वरित कार्रवाई की मांग की, जिस पर उपमुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि प्रशासन पूरी मुस्तैदी से आरोपियों की तलाश कर रहा है. दरअसल गडरा में युवक सनी द्विवेदी को अगवा कर बड़ी बेरहमी के साथ मौत के घाट उतार दिया गया था. जिसके बाद पुलिस को भी बंधक बनाकर ग्रामीणों ने मारपीट की थी. जिसमें एएसआई रामचरण गौतम की मौत हो गई ,जिसके बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस पूरी घटना में एएसआई के दुखद निधन पर शोक जताया और मृत एएसआई को शहीद का दर्जा और साथ में किसी एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी का आश्वासन दिया है. इस घटना की निंदा करते हुए कड़ी कार्रवाई के भी निर्देश दिए गए हैं.

# शादी के 14 दिन बाद दुल्हन ने किया कांड, रात को ससुराल वालों को खिलाया 'नशीला खाना', फिर कैश और जेवर लेकर हुई रफूचक्कर

छतरपुर (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के छतरपुर से सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक दुल्हन शादी के 14 दिनों बाद ही ससुराल से फरार हो गई। इतना ही नहीं, अपने साथ पति की जमा पूंजी और घर में रखे जेवरात भी ले उड़ी। जैसे ही दूल्हे को लुटेरी दुल्हन की सच्चाई मालूम चली, उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। जिसके बाद अब न्याय के लिए उसने पुलिस से गुहार लगाई है। पूरा मामला हरपालपुर का है।

दरअसल, नगर के वार्ड 11 राजा कॉलोनी निवासी संदीप मिश्रा की शादी 10 जनवरी को यूपी के हमीरपुर निवासी रागिनी से हुई थी। कुछ लोग उनके घर आए और कहा कि लड़की पढ़ी-लिखी है। लड़के की शादी इससे करा दें। जिसके बाद युवक के पिता ने उनकी बातों में आ गए और उनकी आर्थिक स्थिति ठीक न होने की वजह से शादी का खर्चा खुद देने को राजी हो गए। इसके बाद 21 जनवरी को यूपी के राठ के श्यामला देवी मंदिर में हिंदू रीति रिवाज से संदीप और रागिनी की शादी हुई। पीड़ित पक्ष ने बताया कि दुल्हन शादी के बाद ससुराल पहुंचते ही अजीब हरकतें करने लगी। 5 फरवरी को उसने रात के खाने में नशीला पदार्थ मिला कर ससुराल वालों को खिला दिया। जिससे सभी गहरी नींद में सो गए। अगले दिन जब उनकी आखें खुली तो पैरों तले जमीन ही खिसक गई।

**जेवर और कैश भी ले उड़ी दुल्हन**

दुल्हन घर से गायब थी। दूसरी मंजिल से एक साड़ी लटकती हुई मिली, जिसके बाद उन्हें मालूम चला कि महिला घर से रफू चक्कर हो गई है। उन्होंने आलमारी खोला तो 40 हजार रुपए कैश और जेवरात भी गायब थे। पीड़ित पक्ष ससुराल पहुंचा तो वहां भी कोई नहीं मिला।

**पीला भी कई लोगों को चूना लगा चुके हैं**

आसपास के लोगों ने उन्हें बताया कि सभी लोग मिलकर इसी तरह शादी करवाकर लोगों को ठगने का काम करते हैं। रागिनी पहले भी कई लोगों को इसी तरह चूना लगा चुकी है। बताया जा रहा है कि घटना के 9 दिन बीतने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। -

# बंद कमरे में धर्मांतरण का खेल, मौजूद थे 50 ग्रामीण; पुलिस ने छापा मार टीचर समेत दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

भोपाल (आरएनएस)। वैसे तो धर्मांतरण के खिलाफकई कड़े कानून बनाए गए हैं, लेकिन इसके बाद भी आए दिन कहीं न कहीं से धर्म परिवर्तन की खबरें आती रहती हैं. ताजा मामला मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले में का है, जहां माड़ा थाना इलाके के करसुआ राजा गांव में धर्म परिवर्तन का खेल धड़ल्ले से चलाया जा रहा है. धर्मांतरण की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और धर्मांतरण को रोक दिया.


**बंद कमरे में चल रहा था खेल**

पुलिस के अनुसार, माड़ा पुलिस को करसुआ राजा गांव के एक मकान में धर्म परिवर्तन की सूचना मिली थी. इसके बाद एक टीम ने मकान में छापा मारा तो वहां एक बंद कमरे में 50 से ज्यादा लोग मौजूद थे. उनके साथ बाइबल और दूसरी धार्मिक सामग्री भी थी.

इस दौरान पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में ले लिया है. आरोप है कि कमलेश साकेत करसुआ राजा गांव के सरकारी स्कूल में शिक्षक हैं, जो अपने साथी अरबिंद साकेत के साथ मिलकर गांव के आसपास के लोगों को इकट्ठा कर उनको बहला-फुसला कर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित कर रहे थे.

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।

बुधवार का दिन सुख-समृद्धि के दाता गणेश जी को समर्पित होता है। इस दिन भगवान गणेश की पूजा-अर्चना करने से जातक के जीवन के कष्टों का अंत हो जाता है। भगवान गणेश को विघ्नहर्ता भी कहा जाता है। ऐसे में आप इस दिन गणेश जी की पूजा-अर्चना कर उनकी कृपा और आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही आप रोजाना पूजा के दौरान भगवान गणेश की चालीसा का पाठ भी कर सकते हैं। बता दें कि भगवान गणेश की पूजा के दौरान आप उनको दूर्वा और सिंदूर जरूर अर्पित करें। इसको शुभ माना जाता है और इससे गणेश जी प्रसन्न होते हैं और जातक के सभी विघ्न हर लेते हैं।



## बदलती हवा के साथ

अभी जबकि सैटेलाइट इंटरनेट सेवा प्रदान करने के लिए स्पेसएक्स को भारत में लाइसेंस हासिल नहीं हुआ है, एयरटेल भारती ने उसके साथ करार कर लिया है। नतीजतन स्पेसएक्स के खिलाफ मोर्चे में रियालंस जियो अकेली पड़ गई है।

अभी पांच महीने नहीं हुए हैं, जब भारती एयरटेल कंपनी ने रिलायंस जियो के साथ साझा रुख लेते हुए भारत सरकार से कहा था कि सैटेलाइट इंटरनेट सेवा के लिए स्पेक्ट्रम का आवंटन नीलामी के जरिए हो। यह मांग इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के विपरीत थी, जो यह सरकारी फैसले से आवंटन चाहती है। इस बीच अमेरिका में डॉनल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने और उसमें मस्क को प्रमुख भूमिका मिलने से हवा का रुख बदल गया है। तो एयरटेल भारती को संभवत: महसूस हुआ कि स्पेसएक्स के भारत में प्रवेश को रोकना अब मुमकिन नहीं रहा। ऐसे में रुख बदल लेना उसने फायदेमंद समझा।

और अब वह खुद भारत में स्पेसएक्स की स्टारलिंक सेवा प्रदान करेगी। अभी जबकि स्पेसएक्स को भारत में लाइसेंस हासिल नहीं हुआ है, एयरटेल भारती ने उसके साथ करार कर लिया है। नतीजतन स्पेसएक्स के खिलाफ मोर्चे में रियालंस जियो अकेली पड़ गई है। वैसे संभव है कि भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सेवा देने का लाइसेंस एक से ज्यादा कंपनियों को मिले। फिर भी 60 से ज्यादा देशों में यह सेवा दे रही स्पेसएक्स के साथ बाजार में कड़ी प्रतिस्पर्धा का माहौल बनेगा। इस रूप में रिलायंस ग्रुप के लिए यह अच्छी खबर नहीं है। वैसे ट्रंप प्रशासन की प्राथमिकताओं पर ध्यान दें, रिलायंस के लिए चुनौती सिर्फ यही नहीं है।

## कर्नाटक में अल्पसंख्यकों को सरकारी ठेकों में 4 प्रतिशत कोटा क्यों? बताए कांग्रेस

बीजेपी ने कर्नाटक सरकार के इस फैसले को असंवैधानिक बताया और कहा कि कांग्रेस मुस्लिम सहित अल्पसंख्यक तुष्टीकरण में नए पैमाने गढ़ रही है। यह देश के लिए खतरा है। बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि हमारी पार्टी इसके खिलाफ है और विरोध करती रहेगी।

कांग्रेस शासित कर्नाटक की सरकार ने अल्पसंख्यक ठेकेदारों को सरकारी खरीद के ठेकों में 4 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला किया है, उससे मुस्लिम सबसे ज्यादा लाभान्वित होंगे। हालांकि, राज्य सरकार का यह निर्णय वैधानिक दृष्टि से न्यायसंगत प्रतीत नहीं होता है। ऐसा इसलिए कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश तो है, लेकिन यह हिंदुओं के हिस्से वाला हिंदुस्तान भी है। जबकि हमारे राजनेता और उनके %चमचे बुद्धिजीवी% वोट बैंक की लालच में इस कड़वी सच्चाई को नजरअंदाज करते हैं, जिससे देश में अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की सियासत को मजबूती मिलती है। चूंकि इसका सर्वाधिक लाभ मुस्लिम ठेकेदारों को मिलेगा, इसलिए कांग्रेस के इस फैसले की प्रवृति और प्रकृति पर कतिपय सवाल उठना लाजिमी है।

पहला, अल्पसंख्यक वर्ग में यह आरक्षण मुस्लिमों, ईसाइयों, सिखों, जैनों, बौद्धों आदि को 4 फीसदी में से कितना-कितना प्रतिशत मिलेगा या फिर पिछले दरवाजे से सिर्फ मुस्लिमों को ही वरीयता दी जाएगी? दूसरा, जब दलितों, आदिवासियों और ओबीसी को सरकारी ठेकों में आरक्षण मिलेगा तो फिर ईडब्ल्यूएस से जुड़े गरीब सवर्णों को क्यों नहीं मिलेगा? तीसरा, महिलाओं और युवाओं को क्यों नहीं?किसानों-मजदूरों-कारीगरों को क्यों नहीं? सिर्फ सरकारी ठेकों में ही क्यों, प्राइवेट ठेकों और ग्लोबल ठेकों में क्यों नहीं? चतुर्थ, सिर्फ कर्नाटक में ही क्यों, हिमाचल प्रदेश आदि कांग्रेस या इंडिया गठबंधन शासित राज्यों में क्यों नहीं?

खैर, सवालों की फेहरिस्त बड़ी लंबी हो सकती है और जवाब सिर्फ यही कि कांग्रेस की कमान बैकडोर से वैसे लोगों के हाथों में जा चुकी है जो इस पार्टी को जनमानस में अलोकप्रिय बनाने पर आमादा हैं। पहले समाजवादियों और फिर राष्ट्रवादियों की राजनीतिक सफलता का राज भी यही है। इतिहास गवाह है कि अपनी घोर तुष्टिकरण की सियासत के चलते भारत और अधिकांश राज्यों की सत्ता से बाहर है। 2014 और 2019 के आम चुनावों में उसकी हैसियत विपक्ष का नेता बनने लायक भी नहीं रही थी। 2024 में उसे जो अप्रत्याशित उछाल मिला, उसके उत्साह में वो फिर अतिरेक भरे फैसले कर रही है, जिससे साफ है कि कांग्रेस अब सत्ता प्राप्ति और राष्ट्र निर्माण नहीं बल्कि %पार्टी ध्वंस% और %देश-समाज विध्वंस% को गति देने की राजनीति पर आमादा है। उसकी गलत नीतियों का ही तकाजा है कि पहले भारत टूटा, फिर पाकिस्तान टूटा और कांग्रेस भी कई बार टूटी।

यदि सही कहा जाए तो %कांग्रेस% की असली नेता ममता बनर्जी (तृणमूल कांग्रेस नेत्री और पश्चिम बंगाल की चार बार से मुख्यमंत्री) हैं, न कि नेहरू-गांधी परिवार के सियासी जमींदार, जो सौभाग्य से नेता प्रतिपक्ष तो हैं, लेकिन वैचारिक और रणनीतिक तौर पर उसके %नाकाबिल% हैं! तभी तो खुद इंडिया गठबंधन के उनके साथी भी उन्हें अपना नेता मानने को लेकर किंतु परन्तु करते रहते हैं! मेरी बात उन्हें बुरी लग सकती है, लेकिन इसके मर्म को आत्मसात कर लिए तो उनकी पार्टी की सियासी किस्मत भी बदल सकती है, क्योंकि जिस पार्टी ने देश को आजादी दिलाई, सर्वाधिक समय तक देश-प्रदेश पर राज किया, उसकी मौजूदा दुर्दशा पर हर कोई तरस खाएगा।

चर्चा के मुताबिक, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की कैबिनेट ने कर्नाटक ट्रांसपैरेंसी इन पब्लिक प्रक्योरमेंट (केटीपीपी) ऐक्ट में बदलाव के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। खबर है कि इस ऐक्ट में बदलाव का यह बिल विधानसभा के इसी बजट सत्र में आएगा, जिसके पारित होने के बाद कर्नाटक के सरकारी टेंडर में मुस्लिमों सहित सभी अल्पसंख्यक वर्ग के सरकारी ठेकेदारों को 4 प्रतिशत आरक्षण का रास्ता साफ हो जाएगा। वहीं, डिप्टी सीएम ने कहा कि, टेंडर में कोटा सभी अल्पसंख्यकों और पिछड़े वर्ग के लिए तय किया गया है, जिसकी प्रतिशतता सम्बन्धी विस्तृत जानकारी उन्होंने नहीं दी है।

वहीं, बीजेपी ने कर्नाटक सरकार के इस फैसले को असंवैधानिक बताया और कहा कि कांग्रेस मुस्लिम सहित अल्पसंख्यक तुष्टीकरण में नए पैमाने गढ़ रही है। यह देश के लिए खतरा है। बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि हमारी पार्टी इसके खिलाफ है और विरोध करती रहेगी। बाद में कर्नाटक के डिप्टी सीएम डी.के. शिवकुमार ने कहा कि 4 प्रतिशत कोटा सिर्फ मुस्लिमों के लिए नहीं, बल्कि सभी अल्पसंख्यकों और पिछड़ों के लिए है।

वहीं, कर्नाटक में सरकारी ठेकों में मुस्लिम आरक्षण पर एक सेवानिवृत्त नौकरशाह ने कहा है कि राज्य सरकार को अख्तियार है कि वह रिजर्वेशन दे सकती है। इसी नजरिए से कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल आदि राज्यों में मुस्लिम आदि अल्पसंख्यकों को ओबीसी कैटिगरी में रखकर सरकारी शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ाई और सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिया गया है।

## भारी पड़ते भजनलाल और रफ्तार पकड़ता राजस्थान

भजनलाल शर्मा ने सियासत के शिखर की राह पकड़ ली हैं। ताकत के तेवर तीखे कर लिए हैं और अफसरशाही के करतबों पर कसावट की कला भी जान गए हैं। मुख्यमंत्री के तौर पर सवा साल पूरा कर लेने के साथ ही भजनलाल शर्मा ने विधायकों को अपना बनाने के गुर भी उन्होंने सीख लिए और संगठन को साधने की कला भी अपना ली है। बीजेपी के अपने पूर्वज मुख्यमंत्रियों, भैरोंसिंह शेखावत और वसुंधरा राजे के राज करने की राह पर भजनलाल भी चल पड़े हैं। आजकल कुछ अलग लग रहे हैं और उनकी पैनी नजरों में सत्ताधीश होने के तेवर तैरने लगे हैं। सवा साल पहले जब राजस्थान की कमान सम्हाली थी, तो उनकी अपनी बीजेपी में ही उनके मुख्यमंत्री बनने को, कोई अनुभवहीन को सत्ता सौंपना बता रहा था, तो किसी को वे कमजोर होने की वजह से ज्यादा लंबे न चलने वाले मुख्यमंत्री लग रहे थे। लेकिन तस्वीर बदल गई है। पार्टी पर उन्होंने पकड़ बना ली है, केंद्र का विश्वास भी जीत लिया है और राजनीति के दांव पेंच में भी भजनलाल भारी पड़ने लगे हैं। बड़े और बड़बोले मंत्रियों की बोलती बंद करना सीख लिया है, और मजबूत विधायकों के जरिए सरकार की ताकत बढ़ाने करने के रहस्य भी उन्होंने जान लिए हैं। सत्ता के शक्ति संचार से शर्मा उस समय सर्वाधिक समर्थ हो गए, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने %राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट% के उद्घाटन समारोह में भजनलाल की पीठ थपथपा कर सीधा संदेश दे दिया था कि 'पंडितजी' कहीं जाने वाले नहीं हैं। तभी से राजनीति की फसलों, सत्ता से विवादों के फासलों और सरकार के फैसलों और में भी भजनलाल शर्मा की छाप मजबूत दिखने लगी है। पहली बार विधायक और पहली ही बार मुख्यमंत्री भी बन गए भजनलाल शर्मा।

## ट्रम्प प्रशासन के टैरिफ सम्बंधी निर्णयों से कैसे निपटे भारत

ट्रम्प प्रशासन अमेरिका में विभिन्न उत्पादों के हो रहे आयात पर टैरिफ की दरों को लगातार बढ़ाते जाने की घोषणा कर रहा है क्योंकि ट्रम्प प्रशासन के अनुसार इन देशों द्वारा अमेरिका से किए जा रहे विभिन्न उत्पादों के आयात पर ये देश अधिक मात्रा में टैरिफ लगाते हैं। चीन, कनाडा एवं मेक्सिको से अमेरिका में होने वाले विभिन्न उत्पादों के आयात पर तो टैरिफ को बढ़ा भी दिया गया है। इसी प्रकार भारत के मामले में भी ट्रम्प प्रशासन का मानना है कि भारत, अमेरिका से आयातित कुछ उत्पादों पर 100 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाता है अत: अमेरिका भी भारत से आयात किए जा रहे कुछ उत्पादों पर 100 प्रतिशत का टैरिफ लगाएगा।

इस संदर्भ में हालांकि केवल भारत का नाम नहीं लिया गया है बल्कि टिट फोर टेट एवं रेसिप्रोकल आधार पर कर लगाने की बात की जा रही है और यह समस्त देशों से अमेरिका में हो रहे आयात पर लागू किया जा सकता है एवं इसके लागू होने की दिनांक भी 2 अप्रेल 2025 तय कर दी गई है। इस प्रकार की नित नई घोषणाओं का असर अमेरिका सहित विभिन्न देशों के पूंजी (शेयर) बाजार पर स्पष्टत: दिखाई दे रहा है एवं शेयर बाजारों में डर का माहौल बन गया है।

भारत ने वर्ष 2024 में अमेरिका को लगभग 74,000 करोड़ रुपए की दवाईयों का निर्यात किया है। 62,000 करोड़ रुपए के टेलिकॉम उपकरणों का निर्यात क्या है, 48,000 करोड़ रुपए के पर्ल एवं प्रेशस स्टोन का निर्यात किया है, 37,000 करोड़ रुपए के पेट्रोलीयम उत्पादों का निर्यात किया है, 30,000 करोड़ रुपए के स्वर्ण एवं प्रेशस मेटल का निर्यात किया है, 26,000 करोड़ रुपए की कपास का निर्यात किया है, 25,000 करोड़ रुपए के इस्पात एवं अल्यूमिनियम उत्पादों का निर्यात किया है, 23,000 करोड़ रुपए सूती कपड़े का निर्यात का किया है, 23,000 करोड़ रुपए की इलेक्ट्रिकल मशीनरी का निर्यात किया है एवं 22,000 करोड़ रुपए के समुद्रीय उत्पादों का निर्यात किया है। इस प्रकार, विदेशी व्यापार के मामले में अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा साझीदार है।

अमेरिका अपने देश में विभिन्न वस्तुओं के आयात पर टैरिफ लगा रहा है क्योंकि अमेरिका को ट्रम्प प्रशासन एक बार पुन: वैभवशाली बनाना चाहते हैं परंतु इसका अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर ही विपरीत प्रभाव होता हुआ दिखाई दे रहा है। अमेरिकी बैंकों के बीच किए गए एक सर्वे में यह तथ्य उभरकर सामने आया है कि यदि अमेरिका में विभिन्न उत्पादों के आयात पर टैरिफ इसी प्रकार बढ़ाते जाते रहे तो अमेरिका में आर्थिक मंदी की सम्भावना बढ़कर 40 प्रतिशत के ऊपर पहुंच सकती है, जो हाल ही में जे पी मोर्गन द्वारा 31 प्रतिशत एवं गोल्डमैन सैचस 24 प्रतिशत बताई गई थी। इसके साथ ही, ट्रम्प प्रशासन के टैरिफ सम्बंधी निर्णयों की घोषणा में भी एकरूपता नहीं है। कभी किसी देश पर टैरिफ बढ़ाने के घोषणा की जा रही है तो कभी इसे वापिस ले लिया जा रहा है, तो कभी इसके लागू किए जाने के समय में परिवर्तन किया जा रहा है, तो कभी इसे लागू करने की अवधि बढ़ा दी जाती है।

## रमज़ान में जुमा-उल-विदा इतना महत्वपूर्ण क्यों है? क्या है इसका महत्व

रमज़ान का पवित्र महीना चल रहा है। इस्लाम के लोग इस महीने में प्रार्थना, ध्यान करते हैं और उत्सव मनाते हैं। इस दौरान मुसलमान रमज़ान के लिए रोजे रखना शुरु करते हैं। जैसे-जैसे रमजान का पवित्र महीना समाप्त होने को आता है, दुनिया भर के मुसलमान एक अत्यंत महत्वपूर्ण दिन का बेसब्री से इंतजार करते हैं, वो है रमजान का आखिरी शुक्रवार, जिसे जुमातुल-विदा या अलविदा जुम्मा के नाम से जाना जाता है। यह दिन मुस्लिम लोगों के लिए विशेष होता है, जो लोग रोजे, प्रार्थना और धार्मिक भक्ति से भरे एक महीने के बाद एक मधुर विदाई के रुप में कार्य करता है।

कब है जुमातुल विदा 2025 जुमातुल विदा, जिसे अलविदा जुम्मा के नाम से भी जाना जाता है, रमजान के पवित्र महीने का आखिरी शुक्रवार है। इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार, यह महत्वपूर्ण दिन 2025 के रमजान में शुक्रवार, 28 मार्च को पड़ने की उम्मीद है। जुमा-उल-विदा इतना महत्वपूर्ण क्यों है? रमज़ान के आखिरी शुक्रवार को इस पवित्र महीने के आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए एक सुनहरा अवसर माना जाता है।

## ट्रंप, नशे की लत!

श्रुति व्यास

लोकलुभावनवादी नेताओं को अर्थशास्त्र की समझ नहीं होती। मगर अपने को क्योंकि सर्वज्ञ समझते है तो वे बढ़ा-चढ़ाकर बातें करने, गलत को सही साबित करने और अपना ढोल पीटने में माहिर होते हैं। उनकी नीतियों में दम नहीं होता मगर वे शब्दों का जाल बुनने, प्रोपेगेंडा करने और समाज में विभाजन पैदा करने में कुशल होते हैं। अफ़सोस, कि सारी दुनिया में ऐसे लोग सिंहासनों पर आसीन हो रहे हैं। दुनिया में अफरातफरी मची हुई है तो क्या? ये नेता, ये ईश्वर के अवतार तो हैं। वे कोई गलती कभी कर ही नहीं सकते! ये नेता खिझाने की हद तक राजनीति में माहिर होते हैं। लेकिन अर्थव्यवस्था का ककहरा उनके बूते के बाहर होता है। यह बहुत ही अजीब और भ्रमित करने वाला है क्योंकि ज्यादातर लोकलुभावनवादी नेता टैक्स को कम से कम करने और नियम-कानूनों की जटिलता को कम करने की बातें करते हैं। वे कहते कि वे व्यवसाय करना आसान बनाएंगे। मगर याद रखिये, लोकलुभावनवाद हर तरह के व्यापार को आसान नहीं बनाता। राजनीतिज्ञों की सनक के कारण उनका रवैया बदलता रहता है, इसलिए बड़े-बड़े व्यवसायी भी यह मान कर नहीं चल सकते कि उनकी कंपनियां पर सत्ता की कृपा दृष्टि बनी रहेगी। भारत पर ही नजर डालें। सत्ता अनुकूल तौर-तरीके अपनाकर अडानी और अंबानी ने दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की की। वही छोटे व्यापारी मोदीनामिक्स की वजह से तबाही के कगार पर हैं। नोटबंदी, जो मोदीनामिक्स का मास्टर स्ट्रोक था, के कारण अब भी मध्यम और निम्न मध्यमवर्गीय वर्ग मुसीबतों का सामना कर रहा है। पर्स रखने का प्रचलन बहुत कम हो गया है क्योंकि बाजार में नकदी का अभाव है। 50 रू. के छुट्टे करवाना तक मुश्किल हो गया है। यह चिंताजनक है कि भारत के नव-मध्यम वर्ग के लगभग एक-तिहाई लोग दुबारा गरीब की श्रेणी में पहुंच गए हैं। ओरबान के राज में हंगरी में कुछ कारपोरेट्स का संरक्षण दिया जा रहा है, लेकिन पूरे निजी क्षेत्र का राजनीतिकरण हो गया है। कुछ क्षेत्रों का राष्ट्रीयकरण हो गया है या उन पर शासन का एकाधिकार हो गया है। अर्थशास्त्रियों और उनके द्वारा किए गए अध्ययनों के अनुसार लोकलुभावनवादी नेता विकास में रोड़ा होते हैं। 2021 में तीन अध्येताओं के एक अध्ययन में यह पाया गया कि व्यवसाय-समर्थक होने का दिखावा करने के बावजूद लोकलुभावनवादी नेता व्यापार-व्यवसाय के मामलों में राष्ट्रवादी होते हैं। लोकतंत्र की अध्येता याशा मोंक भी इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि दक्षिणपंथी लोकलुभावनवादी नेता कुछ सालों तक तो शेयरों की बढ़ती कीमतों और निवेशकों के आत्मविश्वास का मजा लेते हैं।

## भगवान शंकर ने परहित हेतु अपने प्राणों की परवाह न करते हुए विषपान किया

संसार की भी बड़ी विचित्र रीति है। सीस पर अगर मुकुट सजवाना हो, तो हर कोई तैयार है। किंतु अगर उसी सीस को देश व धर्म पर न्योछावर करना हो, तो आटे में नमक जितने ही सीस देखने को मिलेंगे।

समुद्र मंथन में भी जब अमृत की जगह कालकूट विष निकला, तो हर कोई उसे अपनाने से मना करने लगा। न देवता उसे ग्रहण करना चाह रहे थे, और न ही दानव। अन्य बड़े बड़े ईष्ट भी अपनी असमर्थता जता चुके थे। किंतु वहीं, जब भगवान शंकर को निवेदन किया गया, तो उनसे धरातल के समस्त जीवों का दुख देखा न गया। रोते कर्राहते जीवों की रुदनता, उन्हें अथाह कष्ट पहुँचा रही थी। कालकूट विष का दुष्प्रभाव ऐसा था, कि कोई भी उससे अछूता नहीं रह पा रहा था। यूँ भासित हो रहा था, मानों पृथवी कुछ ही क्षणों में समाप्त हो जायेगी। देवता और दानव सब ने दोनों हाथ जोड़ कर करुण प्रार्थना की, कि हे शंभूनाथ! अब तो आप ही एक अंतिम आश्रर्य बचे हैं। कहीं किसी ने सहायता नहीं की। सबको अपने प्राणों से प्रेम है। हर कोई अपने प्राणों को बचाना चाह रहा है। किंतु यह भी कटु सत्य है, कि कोई भी अपने प्राण बचा नहीं पायेगा। हम तो हर घाट का पानी पीकर थककर आपकी शरण पहुँचे हैं।

## नाम चमकाने रोहित शर्मा पर टिप्पणी

अजीत द्विवेदी

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा को लेकर बहस छिड़ी है। निकट अतीत में शायद ही कोई ऐसा खिलाड़ी होगा, जिसको लेकर इतनी बार बहस और विवाद हुए होंगे।

अभी ज्यादा समय नहीं बीता, जब उनको मुंबई की आईपीएल क्रिकेट टीम के कप्तान से हटाने पर विवाद हुआ था। टेस्ट क्रिकेट में कप्तान रहते ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट से बाहर किए जाने का विवाद भी पुराना नहीं है।

टी20 से संन्यास लेने पर भी विवाद हुआ, जो अब तक चल रहा है। परंतु दूसरी ओर रोहित शर्मा इस देश के लोगों का सबसे ज्यादा प्यार और समर्थन पाने वाले खिलाडियों में भी शामिल हैं। लोग उनकी बैटिंग के दिवाने हैं तो फील्ड में उनकी मौजूदगी, उनके हावभाव, कप्तानी करने का तरीका भी लोगों के चेहरे पर मुस्कान ला देता है।

इस बार वे एक अलग किस्म की बहस में घिरे हैं। कांग्रेस पार्टी की एक अनजान सी प्रवक्ता ने अपना नाम चमकाने के लिए रोहित शर्मा पर टिप्पणी की। शमा मोहम्मद नाम की इस प्रवक्ता ने कहा कि रोहित मोटे हैं और भारत के सबसे असफल कप्तानों में से एक हैं।

सोशल मीडिया में की गई उनकी टिप्पणी को लेकर देश, समाज, राजनीति और मीडिया बंटे हुए हैं। हालांकि क्रिकेट बिरादरी में इस पर एक राय है कि यह बेहूद बयान है, जिसके पीछे कोई तर्क या तथ्य नहीं है। (

बाकी देश, राजनीति, समाज और मीडिया खास कर सोशल मीडिया में जो बहस और वैचारिक विभाजन है वह इस बयान की गुणवत्ता पर नहीं है। वहां बहस मोटे तौर पर राजनीतिक, जातीय और सांप्रदायिक हो गई है।

एक बड़ा वर्ग शमा मोहम्मद के पक्ष में यह कह कर खड़ा हुआ है कि रोहित शर्मा ब्राह्मण हैं और शमा मोहम्मद मुस्लिम हैं इसलिए ब्राह्मणवादी व सांप्रदायिक मीडिया इस पर आपत्ति कर रहा है, अन्यथा इस बयान में कुछ भी गलत नहीं है।

हालांकि कांग्रेस पार्टी ने अपनी प्रवक्ता का पोस्ट डिलीट करा दिया है लेकिन उसकी प्रवक्ता का समर्थन करने वाला वर्ग वही है, जो राहुल गांधी के जाति नैरेटिव का समर्थन करता है और मीडिया से लेकर नौकरशाही और यहां तक की मिस इंडिया में भी आबादी के अनुपात में प्रतिनिधित्व खोजता है।

दूसरी ओर रोहित का समर्थन करने वाला एक बड़ा वर्ग उनके पक्ष में आंकड़े और तर्क पेश कर रहा है लेकिन एक वर्ग निश्चित रूप से ऐसा है, जो मुस्लिम और पाकिस्तान का मुद्दा इसमें घुसा रहा है।

हकीकत यह है कि रोहित शर्मा को इन दोनों में से किसी के प्रमाणपत्र की जरुरत नहीं है। भारत ही नहीं, बल्कि विश्व क्रिकेट के सर्वकालिक महान बल्लेबाजों में से एक सुनील गावसकर ने क्रिकेटिंग लॉजिक्स के हिसाब से रोहित शर्मा का पक्ष रखा है और कांग्रेस प्रवक्ता के बयान को गैरजरूरी और गलत बताया है।

असल में कांग्रेस प्रवक्ता शमा मोहम्मद ने बयान जिस मकसद से दिया था उनका वह मकसद पूरा हो गया है। देश भर के लोग उनका नाम जान गए हैं। उनके नाम पर बहस हो रही है। (

उनके मुस्लिम होने भर से उनके बयान के गुणदोष में गए बिना भाजपा विरोधी इकोसिस्टम उनका समर्थन और बचाव कर रहा है। यह स्थापित किया जा रहा है कि मुस्लिम होने की वजह से उनको निशाना बनाया जा रहा है।

लेकिन क्या सचमुच ऐसा है? और जो उन्होंने कहा है क्या उसकी पड़ताल नहीं होनी चाहिए? उन्होंने जो कहा है और जो लोग भी उनका बचाव कर रहे हैं, उन सबको इस बयान के असली मकसद के बारे में जानना चाहिए और यह भी जानना चाहिए कि तथ्यात्मक रूप से यह कितना गलत है। (

कांग्रेस प्रवक्ता ने यह बयान सिर्फ लाइमलाइट में आने के लिए दिया यह मानने का आधार यह तथ्य है कि इससे पहले क्रिकेट पर उन्होंने कोई सोशल मीडिया पोस्ट नहीं डाली है।

उनके एक्स हैंडल पर कई महीनों में कोई पोस्ट क्रिकेट या किसी खिलाड़ी को लेकर नहीं आई है, जबकि इस दौरान खूब क्रिकेट खेली गई है। विवाद के बाद ऑस्ट्रेलिया पर भारत की जीत की बधाई उन्होंने जरूर दी है लेकिन उससे पहले इसी टूर्नामेंट में पाकिस्तान या न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत पर उनकी कोई पोस्ट नहीं है। अगर वे क्रिकेट की प्रशंसक होतीं और क्रिकेट से जुड़े पोस्ट डाल रही होतीं तो उनकी इस पोस्ट पर कोई सवाल नहीं उठता। चूंकि यह एक रैंडम पोस्ट है। इसलिए जाहिर है कि ध्यान खींचने के लिए यह लिखा गया।

अब रही बात रोहित शर्मा के मोटे होने की तो यह एक तथ्य है, जिससे कोई इनकार नहीं कर सकता है। इसके बावजूद रोहित शर्मा टीम में चुने जाने के लिए सारे जरूरी फिटनेस टेस्ट पास करते हैं तभी उनको चुना जाता है।

इन दिनों चयन समिति के पास नाम जाने से पहले सभी खिलाडियों को मुश्किल फिटनेस टेस्ट से गुजरना होता है। वे टीम में चुने जा रहे हैं इसका मतलब है कि फिटनेस टेस्ट पास कर रहे हैं। (

इसलिए उनके वजन या उनकी शारीरिक संरचना पर सवाल उठाना ठीक नहीं होगा। यह एक तरह से उनकी शारीरिक संरचना का जिक्र करके उनका मजाक उड़ाना या उनका अपमान करना है।

इसी तरह की शारीरिक संरचना वाले सरफराज खान या कुलदीप यादव या मोहम्मद समी जैसे कई खिलाड़ी भारतीय टीम में हैं। कई सर्वकालिक महान खिलाड़ी इसी शारीरिक संरचना वाले रहे हैं। श्रीलंका को विश्व कप जिताने में सबसे बड़ी भूमिका निभाने वाले अर्जुन रणातुंगा और अरविंद डिसिल्वा या पाकिस्तान को विश्व कप जिताने में बड़ी भूमिका निभाने वाले इंजामामुल हक और जावेद मियांदाद को जिसने खेलते देखा है वह रोहित शर्मा के बारे में ऐसी बातें नहीं कर सकता है।

शेन वॉर्न और उनसे पहले डेविड बून, मैथ्यू हेडन, ग्राहम गूच, एलन बॉर्डर तक सैकड़ों खिलाडियों की मिसाल दी जा सकती है, जो शमा मोहम्मद के मोटापे की परिभाषा के दायरे में आते हैं। (

लेकिन सबने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बड़ा मुकाम बनाया, जैसा कि रोहित शर्मा ने बनाया है। क्रिकेट कौशल का खेल है इसलिए खिलाडियों को उस कसौटी पर कसना चाहिए।

## -:: आज का राशिफल ::-



आज आपके लिए दिन पॉजिटिव रहने वाला है। आज आपका पारिवारिक मामला किसी बड़े बुजुर्ग की सहायता से सुलझ जाएगा, परिवार में फिर से खुशियां आएंगी।

वृष राशि- आज आपका दिन खास रहने वाला है। आज व्यवसाय में बड़ा मुनाफा होने जैसी स्थिति बनी हुई है। आज निर्णय लेने से पहले अपने परिवारवालों की सलाह लेना न भूले। आज किसी प्रोजेक्ट को लेकर ऑफिशियल यात्रा संभव है।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए सफलता दिलाने वाला है। आज ऑफिस में आप किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करेंगे आपको सफलता मिलेगी। आज कुछ खास लोगों से मुलाकात का अवसर मिलेगा और रुका काम भी पूरा होने से रिलैक्स फील करेंगे।

कर्क राशि- आज आपको अच्छी खबर मिलने के योग बने हुए हैं। आज आप अपने घरेलू कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज दिन भर सकारात्मक और अनुशासित दृष्टिकोण आपको खुश रखेगा।

सिंह राशि- आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। बिजनेस के लिए दिन अच्छा है। आज रियल स्टेट में फायदेमंद डील फाइनल हो सकती है। ऑफिस के कार्यभार की अधिकता की वजह से ओवर टाइम करना पड़ सकता है।

कन्या राशि- आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज परिवार में विशेष लोगों का आवागमन हो सकता है। अगर आज आप किसी प्रकार का निर्णय लेना चाहते हैं, तो किसी बड़े की सलाह जरूर ले लें।

तुला राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज कारोबार में अपनी मेहनत से आगे बढ़ेंगे। आज बच्चों के साथ समय बिताएंगे उनके मन की बातों को समझेंगे।


वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपके दोस्त आपसे आर्थिक मदद मांग सकते हैं, जिसे आप निराश नहीं करेंगे।

धनु राशि- आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। इलेक्ट्रॉनिक्स के कारोबारियों को लाभ के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन में अपनापन बढेगा। आज शाम का डिनर बाहर करेंगे। बच्चों के साथ आपसी लगाव बढेगा।

मकर राशि- आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। खान-पान में लापरवाही स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकती है। कानूनी कार्यों के लिए भागदौड़ से थकावट का एहसास होगा।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। दांपत्य जीवन में आज नई-नई खुशियां आएंगी। छात्रों के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला है।

मीन राशि- आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। आज दोस्त आपका मनोबल बढ़ाएंगे। आज आपके स्वास्थ्य में बेहतरी बनी रहेगी। आज सोची हुई कार्य योजनाओं को पूर्ण करने में



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रायसीना डॉयलाग के दूसरे दिन पाकिस्तान का बिना नाम लिए जमकर निशाना साधा। उन्होंने सबसे पहले पीओके का जिक्र किया और बताया कि कैसे कुछ बड़े देशों ने पाकिस्तान की ओर से किए गए आक्रमण को विवाद में बदल दिया। जयशंकर ने कहा कि हम सभी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की बात करते हैं। हम सभी इस बात पर सहमत हैं कि ये एक महत्वपूर्ण सिद्धांत है। ये वैश्विक नियमों का आधार है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद किसी अन्य देश द्वारा सबसे लंबे समय तक चलने वाला अवैध मैं कहूंगा कि उपस्थिति किसी क्षेत्र पर कब्जा भारत से संबंधित है। डॉ. जयशंकर ने कहा कि हमने कश्मीर में जो देखा है। हम संयुक्त राष्ट्र तक गए।



# दिल्ली-एनसीआर में पकड़े गए अवैध रूप से रह रहे 7 बांग्लादेशी

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली पुलिस ने एक विशेष अभियान के तहत दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र से सात अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को हिरासत में लिया है। इनमें एक नाबालिग लड़की भी शामिल है। ये लोग वैध दस्तावेजों के बिना भारत में रह रहे थे। पुलिस ने इन्हें पकड़ने के लिए कई जगहों पर छापेमारी की और अब इन्हें निर्वासित करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

पूर्वी जिला पुलिस ने अवैध प्रवासियों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। इसके लिए स्पेशल स्टाफ और एंटी-नारकोटिक्स स्क्वॉड की दो टीमें बनाई गईं। इन टीमों ने इंस्पेक्टर जितेंद्र मलिक और इंस्पेक्टर अरुण कुमार के नेतृत्व में काम किया। एडिशनल डीसीपी निथ्या राधा कृष्ण के मार्गदर्शन में यह ऑपरेशन चलाया गया।

16 मार्च को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने दिलावर खान नाम के शख्स को कृष्णा नगर से पकड़ा। पहले उसने खुद को पश्चिम बंगाल का निवासी बताया, लेकिन पूछताछ में पता चला कि वह बांग्लादेश के खुलना जिले का रहने वाला है। उसकी जानकारी के आधार पर पुलिस ने दिल्ली के लक्ष्मी नगर, लाजपत नगर, सीमापुरी, कृष्णा नगर और गाजियाबाद के शालीमार गार्डन में छापे मारे। इन छापों में छह अन्य बांग्लादेशी नागरिक पकड़े गए।

पुलिस के मुताबिक, ये लोग भारत-बांग्लादेश सीमा के पास नदी के रास्ते अवैध तरीके से भारत में घुसे थे। यहां पहचान छिपाने के लिए ये अलग-अलग जगहों पर रह रहे थे। पकड़े गए लोगों में दिलावर खान (48), ब्यूटी बेगम (39), एक नाबालिग लड़की (15), रफीकुल (43), तौहीद (20), मोहम्मद अजहर (28) और जाकिर मलिक (40) शामिल हैं। ये सभी बांग्लादेश के अलग-अलग जिलों से हैं।

अब इन सभी को विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ), आरके पुरम में पेश किया जाएगा, जहां से निर्वासन की प्रक्रिया शुरू होगी।

पुलिस का कहना है कि अवैध प्रवासियों को पकड़ने और देश से बाहर करने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

पूर्वी जिला पुलिस ने इस ऑपरेशन को बड़ी सफलता बताया है। टीमें लगातार मेहनत कर रही हैं ताकि ऐसे लोगों की पहचान हो सके जो बिना अनुमति के देश में रह रहे हैं। स्थानीय लोगों से भी अपील की गई है कि वे संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस को दें। इस अभियान से दिल्ली-एनसीआर में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने में मदद मिलेगी।

**अमृतसर में मंदिर पर ग्रेनेड हमले का एक आरोपी मुठभेड़ में ढेर, दूसरा फरार; पुलिस पर दोनों ने चलाई गोलियां**

अमृतसर (आरएनएस)। अमृतसर में मंदिर पर ग्रेनेड फेंकने वालों में से एक को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान ढेर कर दिया है। आज सुबह पुलिस और हमलावरों के बीच मुठभेड़ हो गई। जिसमें आरोपी गुरसिदक उर्फ सिदकी मारा गया, जबकि उसका साथी विशाल उर्फ चुई फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक सीआईए और छेहर्टा पुलिस की टीमों ने आरोपियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया था, जिसके दौरान यह मुठभेड़ हुई। पुलिस को घटना में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल के बारे में सूचना प्राप्त हुई थी, जिसके बाद पुलिस ने उसकी जांच शुरू की। पूछताछ में गुरसिदक और विशाल के नाम सामने आए थे। पुलिस को सूचना मिली कि ये दोनों आरोपी राजासांसी इलाके में घूम रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। सुबह के समय जब पुलिस ने आरोपियों की मोटरसाइकिल को रोकने की कोशिश की, तो उन्होंने पुलिस पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। इस फायरिंग में कांस्टेबल गुरप्रीत सिंह के बाएं हाथ पर गोली लगी, जबकि एक गोली इंस्पेक्टर अमोलक सिंह की पगड़ी पर और एक पुलिस वाहन पर भी लगी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की, जिसमें गुरसिदक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसका साथी विशाल मौके से फरार हो गया। घायल आरोपी गुरसिदक और कांस्टेबल गुरप्रीत सिंह को इलाज के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान गुरसिदक की मौत हो गई। फिलहाल, फरार आरोपी विशाल की तलाश जारी है और पुलिस उसे पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है।



पीएम नरेन्द्र मोदी आज हैदराबाद हाउस, नई दिल्ली में प्रेस वक्तव्य को संबोधित करते हुए।



न्यूजीलैंड के प्रधान मंत्री, श्री क्रिस्टोफर लक्सन ने भारत की राष्टपति, श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से आज नई दिल्ली में राष्टपति भवन में एक शिष्टाचार भेंट करते हुए।

## मौसम बदलते ही माता वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब, बोले व्यवस्थाएं पहले से ज्यादा अच्छी

कटरा (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के कटरा में गर्मियों की शुरुआत के साथ ही माता वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या तेजी से बढ़ी है। देश के अलग-अलग राज्यों से आए तीर्थयात्री बड़ी संख्या में दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

श्राइन बोर्ड तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए कई व्यवस्थाएं कर रहा है। इसमें हेलीकॉप्टर सेवाएं, घोड़े, पालकियां और मुफ्त सामुदायिक लंगर शामिल हैं। ये सुविधाएं यात्रा को आसान और आरामदायक बनाने में मदद कर रही हैं। मंदिर तक पहुंचने वाले मार्ग पर भी बोर्ड लगातार निगरानी रख रहा है। गर्मियों में हर साल यहां श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती है। भक्त माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए उत्साह के साथ कटरा पहुंच रहे हैं। श्राइन बोर्ड ने सभी तीर्थयात्रियों से नियमों का पालन करने की अपील की है। नागपुर से आई श्रद्धालु ने आईएएनएस से बताया कि मैं यहां पर दूसरी बार आई हूं। मुझे यहां पर आकर बहुत तरह के बदलाव देखने को मिल रहे हैं, जिन्हें देखने के बाद मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। मैं लॉकडाउन से पहले आई थी और अब फिर आई हूं। मुझे यहां पर आकर बहुत अच्छा लग रहा है। यहां हर तरह की व्यवस्था रहती है। हमें कोई दिक्कत नहीं होती है। यहां आकर हमें बहुत अच्छा लगता है। मन को बहुत शांति मिलती है। यहां मुझे ऐसा कुछ भी नहीं लगा कि किसी से भी ज्यादा पैसे लिए जा रहे हैं, जो सामान जितने का है, उतने का ही मिल रहा है।श्रद्धालु गीता शहगल ने बताया कि मैं यहां अपने पूरे परिवार के साथ बचपन से आ रही हूं। हम यहां पर हर साल आते हैं। कई बार साल में तीन से चार बार भी आते हैं। हमें यहां आकर बहुत अच्छा लगता है। माता जब कभी भी हमें बुलाती है, तो हम दौड़े-दौड़े चले आते हैं। यहां पर बहुत अच्छी सुविधाएं हैं। हमें किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं हो रही है।

रायपुर से आई अन्य श्रद्धालु ने बताया कि मैं शादी के बाद पहली बार यहां पर आई हूं। मुझे यहां पर आकर बहुत अच्छा लग रहा है। यहां बड़ी संख्या में लोग आए हुए हैं। लेकिन, बिल्कुल भी भीड़ का एहसास नहीं हो रहा है, जिससे यह साफ जाहिर हो रहा है कि किस तरह से पूरी भीड़ का प्रबंधन किया गया है। हम लोग यहां पर आकर बहुत ही उत्साहित हैं। सभी को अपनी जिंदगी में एक बार यहां पर जरूर आना चाहिए।

**चीन की बढ़ती ताकत चुनौती... भारत को आगे बढ़ने से रोक रहा, सेना प्रमुख ने ड्रैगन को लेकर किया बड़ा दावा**

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने चीन को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा है कि चीन ग्लोबल साउथ में भारत को आगे बढ़ने नहीं देना चाहता है। वह यहां प्रतिस्पर्धा पैदा कर रहा है और भारत के प्रयास को बाधित करता है। आर्मी चीफ ने कहा कि भारत को भविष्य के शक्ति केंद्र के रूप में अफ्रीका की संभावनाओं पर विचार करने की जरूरत है। सेना प्रमुख ने कहा कि चीन की बढ़ती ताकत और वैश्विक स्तर पर उसकी भूमिका ग्लोबल साउथ में प्रतिस्पर्धा पैदा करती है।

## जहानाबाद में मटका फोड़ने को लेकर हुए विवाद के बाद पुलिसकर्मियों पर हमला, कई घायल

जहानाबाद (आरएनएस)। बिहार में पुलिसकर्मियों पर हमले की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला बिहार के जहानाबाद में सामने आया है। यहां होली के दूसरे दिन मटका फोड़ने को लेकर हुए विवाद और पथराव में एक पुलिसकर्मी सहित कई लोग घायल हो गए।

घटना नगर थाना क्षेत्र के सदर अस्पताल के समीप नया टोला मोहल्ले की है। होली के दूसरे दिन मटका फोड़ होली का आयोजन किया गया था। जहां मटका फोड़ने में काफी जद्दोजहद के बाद भी मटका नहीं टूटा तो मोहल्ले के एक लड़के ने डंडा मारकर उसे तोड़ दिया। इस घटना से गुस्साए लोग आपस में ही भिड़ गए। हालांकि, मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, मगर लोगों ने पुलिस पर भी ईंट-पत्थर से हमला बोल दिया। एक पुलिसकर्मी विकास कुमार को घटना के दौरान सिर पर चोट आई। जिसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर-बितर किया।

उधर, घटना की सूचना पाकर एसडीओ और एसडीपीओ दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने हंगामा कर रहे छह लोगों को हिरासत में लिया।

एसडीपीओ ने बताया कि वीडियो फुटेज के आधार पर दोषियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी।




आयुष और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण रा%य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री प्रतापराव जाधव आज नई दिल्ली में विज्ञान भवन में मुख्य अतिथि के रूप में 'राष्टीय आयुर्वेद विद्यापीठ' के अंतर्गत 28वें दीक्षांत समारोह और शिशुपान संस्कार के उद्घाटन समारोह में दीप प्र卐वलित करते हुए।

## मुश्किलों में घिरे बॉलीबुड सेलिब्रिटी ओरी, वैष्णो देवी के पास दोस्तों संग पी शराब; 8 लोगों पर एफआईआर दर्ज

कटरा (आरएनएस)। बॉलीवुड सेलिब्रिटी ओरी के खिलाफ कटरा पुलिस ने केस दर्ज किया है। उसके साथ 8 और लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। होटल कटरा मैरियट रिजॉर्ट एंड स्पा में ठहरे इन सभी लोगों के खिलाफ होटल प्रशासन ने शिकायत दर्ज कराई थी। मामले का संज्ञान लेते हुए एफआईआर दर्ज की है। 15 मार्च को एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी, जिसमें एक निजी होटल में ओरी आपने कुछ दोस्तों के साथ पार्टी करता नजर आया था। इस कमरे की तस्वीर में शराब की बोतल टेबल रखी नजर आई थी।

होटल में ठहरे ओरी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। होटल के प्रबंधक के अनुसार 15 मार्च को मेहमानों में ओरहान अवत्रामणि (ओरी), दर्शन सिंह, पार्थ रैना, रितिक सिंह, राशि दत्ता, रक्षिता भोगल, शगुन कोहली और अनास्तासिला अर्जामास्कीना शामिल थे, जिन्होंने होटल परिसर में शराब पी, जबकि उन्हें बताया गया था कि कॉटेज सुइट के अंदर शराब और मांसाहारी भोजन की अनुमति नहीं है, क्योंकि दिव्य माता वैष्णोदेवी तीर्थ स्थान पर यह सख्त वर्जित है।

## पाकिस्तानी महिला ने बॉर्डर पार कर राजस्थान में की एंट्री, पकड़े जाने पर लौटने से किया इनकार

जयपुर (आरएनएस)। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने सोमवार को एक पाकिस्तानी महिला को हिरासत में लिया। यह महिला बलूचिस्तान की रहने वाली है और अवैध रूप से भारत-पाकिस्तान सीमा पार कर राजस्थान में घुस आई थी।

अधिकारियों ने बताया कि महिला को सुबह श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ में विजेता चौकी से गिरफ्तार किया गया।

महिला ने पाकिस्तान लौटने से साफ इनकार कर दिया है और दावा किया है कि उसके वापस लौटने पर उसकी जान को खतरा होगा।

अधिकारियों के अनुसार, महिला सुबह करीब 5.30 बजे कांटेदार तार की बाड़ पार कर भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर गई।

विजेता चौकी पर तैनात बीएसएफ जवानों ने तुरंत उसे हिरासत में ले लिया।

शुरुआती पूछताछ के दौरान उसने भारत में शरण लेने की इच्छा जताई और कहा कि यदि उसे वापस भेजा गया तो उसकी जान को खतरा हो सकता है।

हिरासत में ली गई महिला ने खुद को हुमारा (33) बताया है, जो बलूचिस्तान के केच जिले के दगरी खान गांव की रहने वाली है। उसने यह भी बताया कि उसके पति का नाम वसीम है और उसके माता-पिता मूल रूप से कराची के रहने वाले हैं।

सुरक्षाकर्मियों ने उसके पास से एक मोबाइल फोन और आभूषण बरामद किए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियां मामले की गहन जांच कर रही हैं।

अधिकारी यह पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं कि महिला ने सीमा पार क्यों की और क्या उसका किसी संदिग्ध संगठन से संबंध है।

## सीएम नायब सैनी ने बजट किया पेश, गुरुग्राम-पंचकूला को एआई हब बनाने की घोषणा

चंडीगढ़ (आरएनएस)। हरियाणा के सीएम और वित्त मंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्य का बजट पेश कर दिया है। नायब सैनी ने बजट में कई ऐलान किए है। सीएम सैनी ने कहा कि राज्य में 50 लाख नए रोजगार पैदा करने पर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि बजट को लेकर कुल 11 हजार सुझाव मिले, जिसको लेकर बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। इस बार दो लाख 5 हजार 17 करोड़ का बजट पेश किया गया है। यह पिछले साल की तुलना में 13.7 प्रतिशत अधिक है। सीएम सैनी ने नशे के खिलाफ नशे से बचाने के लिए मेरा संकल्प प्राधिकरण गठित करने का प्रस्ताव रखा। इस प्राधिकरण के लिए 10 करोड़ रूपये का प्रारम्भिक आवंटन किया जाएगा। हरियाणा्ढ्ढ स्ढ्ढह्यह्यद्बश्ठ्ठ की स्थापना का प्रस्ताव रखा गया है जिसमे विश्वबैंक ने 474 करोड़ रूपये का सहयोग करने का आश्वासन दिया है। इस्ढ्ढ मिशन द्वारा गुड़गांव और पंचकूला में हब स्थापित किया जाएगा।



रा%य सभा के उपसभापति श्री हरिवंश आज नई दिल्ली में संसद भवन में पुर्तगाल विधानसभा के उपाध्यक्ष श्री मार्कोस पेरेस्ट्रेलो के नेतृत्व में पुर्तगाल के संसदीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक करते हुए।




संयुक्त सचिव श्री अमिताभ प्रसाद के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल आज नई दिल्ली में प्रथम सहायक सचिव अंतर्राष्टीय नीति प्रभाग, रक्षा विभाग ऑस्ट्रेलिया श्री बर्नार्ड फिलिप के नेतृत्व में ऑस्ट्रेलिया के प्रतिनिधिमंडल के साथ 9वीं भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा नीति वार्ता में शामिल हुए।

## दिल्ली पुलिस में अब योग्यता परीक्षा से होगी एसएचओ की नियुक्ति, पहली बार लागू किया गया नियम

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली पुलिस ने अपने इतिहास में एक बड़ा बदलाव करते हुए स्टेशन हाउस ऑफिसर के पद पर नियुक्ति के लिए योग्यता आधारित परीक्षा प्रणाली लागू कर दी है। अब तक एसएचओ की पोस्टिंग वरिष्ठता और अनुभव के आधार पर होती थी, लेकिन इस नई व्यवस्था का उद्देश्य चयन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और कुशल बनाना है।

इस नई पहल के तहत, दिल्ली पुलिस विशेष रूप से साइबर पुलिस स्टेशनों के लिए पहली योग्यता परीक्षा आयोजित करने जा रही है। यह परीक्षा कल, 18 मार्च को वजीराबाद स्थित दिल्ली पुलिस अकादमी में होगी। इस परीक्षा के माध्यम से चुने गए अधिकारी राजधानी में बढ़ते डिजिटल अपराधों से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। साइबर थानों में एसएचओ के 15 रिक्त पदों के लिए कुल 122 पुलिस निरीक्षकों ने आवेदन किया है, जिससे यह प्रक्रिया काफी प्रतिस्पर्धी हो गई है। परीक्षा में सफल होने वाले अधिकारियों को साइबर अपराधों की जांच, डिजिटल फोरेंसिक और साइबर सुरक्षा प्रवर्तन जैसे महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जाएंगे। पश्चिमी दिल्ली के एक निरीक्षक ने इस प्रतिस्पर्धा को कड़ी बताते हुए कहा कि दैनिक पुलिस ड्यूटी के साथ परीक्षा की तैयारी करना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन सभी इस पद के महत्व को समझते हैं। इस योग्यता परीक्षा में उम्मीदवारों का विस्तृत पाठ्यक्रम के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा। परीक्षा में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए), साइबर अपराध और आईटी कौशल, एनडीपीएस अधिनियम, पोक्सो अधिनियम, किशोर न्याय (जेजे) अधिनियम, शस्त्र अधिनियम, दिल्ली पुलिस अधिनियम, दिल्ली आबकारी अधिनियम, कंपनी अधिनियम आदि से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे।

क्या होंगे इस बदलाव के फायदे?

दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों का मानना है कि यह योग्यता आधारित प्रणाली यह सुनिश्चित करेगी कि केवल सबसे सक्षम अधिकारियों को ही नेतृत्व के पदों पर नियुक्त किया जाए। उनका कहना है कि यह कदम जांच कौशल को और अधिक प्रभावी बनाएगा और पुलिसिंग के मानकों को ऊपर उठाएगा। अधिकारियों का यह भी मानना है कि यह एसएचओ की नियुक्ति के लिए एक निष्पक्ष, पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी तरीका है।



इस समय बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्ट कहा जाने वाले आमिर खान काफी सुर्खियों में है। दरअसल, आमिर खान ने अपनी नई गर्लफ्रेंड गौरी को मीडिया से मिलवा चुके हैं। आमिर ने अपने बर्थडे पर उन्होंने मीडिया इंटरैक्शन रखा था। इस दौरान एक्टर ने अपने डेटिंग लेकर कुछ खुलासे किए। आमिर ने बताया कि गौरी से डेटिंग बीते 18 महीने शुरु हुई थी। वैसे तो यह खबर फरवरी में सामने आई थी कि आमिर खान के जीवन में किसी की एंट्री हो चुकी है। तब आमिर इस बात को छुपाकर रखा था।



# एक बार फिर दुश्मनों को तोड़ने आए सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ से करेंगे दो-दो हाथ, हंटर 2 का टीजर जारी



बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी एक्शन थ्रिलर सीरीज हंटर के दूसरे सीजन के साथ अपनी वापसी करने के लिए तैयार हैं। इसकी शूटिंग शुरू हो गई है। हाल ही में अभिनेता ने शूटिंग की एक झलक साझा की, जिसने दर्शकों को उत्साहित कर दिया है। वहीं अब, निर्माताओं ने भी सीरीज के दूसरे सीजन का अनाउंसमेंट वीडियो जारी कर दिया है।

हंटर सीरीज को दर्शकों ने खूब प्यार दिया था। वहीं, अब फैंस हंटर 2 के लिए तैयार हैं। ऐसे में ओटीटी चैनल के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल ने हंटर टूटेगा नहीं तोड़ेगा के सीजन 2 की भी घोषणा की। इस आकर्षक प्रमोशनल वीडियो में सुनील शेट्टी को एक दमदार अवतार में दिखाया गया है, जिसमें जैकी श्रॉफ भी अहम भूमिका में हैं। वीडियो साझा करते हुए ओटीटी प्लेटफॉर्म ने सीरीज का टीजर वीडियो साझा करते हुए लिखा, हंटर वापस आ गया है...याद है ना, यह टूटेगा नहीं, तोड़ेगा। हंटर सीजन 2, जल्द ही अमेजन एमएक्स प्लेयर पर आ रहा है। हालांकि, निर्माताओं ने अभी सीरीज की आधिकारिक रिलीज डेट का एलान नहीं किया है, लेकिन यह शो इसी साल दर्शकों का मनोरंजन करेगा।

वहीं, बात करें सीरीज के कलाकारों की तो सुनील शेट्टी और जैकी श्रॉफ के साथ हंटर 2 में बरखा बिष्ट, अनुषा दांडेकर भी हैं। सीरीज के निर्माता विक्रम मेहरा और सिद्धार्थ आनंद कुमार हैं। सीरीज का निर्माण सारेगामा इंडिया, यूडली फिल्म्स के बैनर तले किया गया है। प्रिंस धीमान और आलोक बत्रा द्वारा निर्देशित इस सीरीज को खुश मलिक, अली हाजी और वीर ने मिलकर लिखा है।

**प्यार और रोमांस के बीच आपकी चीखें निकाल देगा फिल्म तू या मैं का टीजर, शनाया की बॉलीवुड में धमाकेदार एंट्री**

बॉलीवुड में अपने डेब्यू के लिए तैयार शनाया कपूर की आगामी फिल्म 'तू या मैं' का टीजर आज जारी हो गया है। इस फिल्म में शनाया कपूर के साथ 'द व्हाइट टाइगर' स्टार आदर्श गौरव नजर आएंगे। यह सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म साल 2026 में वैलेंटाइन डे के मौके पर रिलीज होगी।

फिल्म के टीजर को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर करते हुए शनाया ने लिखा, प्यार, आतंक और ये साथ बहुत-बहुत गलत हो गया। 'तू या मैं' के लिए कौन ज्यादा उत्साहित है? बेजॉय नांबियार द्वारा निर्देशित इस फिल्म का टीजर डरावने माहौल वाले बैकवॉटर में सामने आता है, जहां एक लड़का-लड़की पानी में उतरते तो रोमांस के लिए हैं, लेकिन अचानक से पूरी कहानी बदल जाती है, सारे जज्बात बदल जाते हैं। टीजर देखकर आप सहम जाएंगे। ये टीजर रोमांस और रोमांच के साथ दिल की धड़कने वाला है। टीजर को देखकर लगता है कि इसमें प्यार और रोमांस के साथ-साथ सस्पेंस और डर का भी जबरदस्त तड़का देखने को मिलेगा।

शैतान फेम डायरेक्टर बेजॉय नांबियार की इस फिल्म का टीजर रहस्यमयी बैकवॉटर्स में सेट है, जो रोमांस और रोमांच के साथ धड़कने बढ़ाने वाला है। हिमांशु शर्मा द्वारा निर्मित इस फिल्म की कहानी अभिषेक बांदेकर ने लिखी है। इस फिल्म के लिए आनंद एल राय की प्रोडक्शन कंपनी कलर येलो और बेजॉय नांबियार पहली बार एक साथ आ रहे हैं। तुम्बाड और हसीन दिलरुबा जैसी बेहतरीन और अनूठी फिल्में बना चुकी प्रोडक्शन कंपनी कलर येलो की यह नई पेशकश एक्साइटमेंट बढ़ाने वाली है।

वर्कफ्रंट की बात करें तो

## हिंदी भाषा में आ रही तमिल फिल्म ड्रैगन, ट्रेलर के साथ हुआ रिलीज डेट का एलान

साउथ फिल्में दर्शकों का खूब दिल जीत रही हैं। अब ये सिर्फ एक क्षेत्र विशेष तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि दुनियाभर के दर्शकों का ध्यान आकर्षित कर रही हैं। ऐसी ही एक फिल्म है ड्रैगन। फरवरी में रिलीज हुई मूल रूप से तमिल भाषा की इस फिल्म ने काफी अच्छा कलेक्शन किया है। अब यह फिल्म हिंदी भाषा में रिलीज हो रही है। आज शनिवार को इसका हिंदी ट्रेलर रिलीज हुआ है। सिनेमा के शौकीनों को होली का तोहफा मिला है। तमिल की ब्लॉकबस्टर फिल्म ड्रैगन हिंदी भाषा में होली के त्योहार पर रिलीज होगी। 14 मार्च को रिलीज होगी। साउथ में इस फिल्म को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला है

# भूल चूक माफ टीजर जारी, तारीख 29 या 30?, राजकुमार-वामिका गब्बी की शादी में ग्रहण बना गमला




राजकुमार राव एक बार फिर मैडॉक फिल्म्स के साथ मिलकर अपने फैंस और दर्शकों को हंसाने के लिए तैयार है. इस बार राजकुमार राव और दिनेश विजान एक टाइम-लूप स्टोरी लेकर आए हैं, जिसे देख दर्शक अपनी हंसी रोक नहीं पाएंगे. इस कॉमेडी फिल्म का नाम भूल चूक माफ है. मेकर्स ने फिल्म का पहला टीजर जारी किया है, जो काफी मजेदार है. मंगलवार को मैडॉक फिल्म्स ने भूल चूक माफ का टीजर सोशल मीडिया पर जारी किया है और कैप्शन में लिखा है, दिन है उनतीस या तीस? फर्क है बस उन्नीस-बीस. पर ये है क्या मसला? जानिए 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में, तब तक भूल चुक माफ हो. दिनेश विजन प्रेजेंट करते हैं राजकुमार राव और वामिका गब्बी स्टारर भूल चूक माफ, जिसका निर्देशन और लेखन करण शर्मा ने किया है.

भूल चूक माफ का टीजर की शुरुआत बनारस (उत्तर प्रदेश) के मशहूर घाट दशाश्वमेध घाट से होती है. इसके बाद टीजर में राजकुमार राव और वामिका गब्बी के परिवार वाले दोनों की शादी की तारीख पर चर्चा करते हैं, जिसके बाद दोनों की शादी के लिए 30 तारीख तय की जाती है. इसके बाद फिल्म के कुछ सीन लव आज कल (2009) के मशहूर गाने चोर बाजारी के साथ दिखाया जाता है. राजकुमार-वामिका अपनी शादी से पहले के खास पलों को एंजॉय करते नजर आते हैं. इस बीच दोनों की शादी की रस्मों की झलक दिखाई जाती है. राजकुमार का परिवार हल्दी की रस्मे करता है. इस दौरान राजकुमार अपनी हीरोइन से कहते हैं, बस आज की रात है तितली, कल तुम मेरी धर्मपत्नी बन जाओगी. तभी एक गमला ऊपर नीचे गिरता है और शाम ढलती है. अगली सुबह राजकुमार जब जगते हैं तो देखते है कि फिर से हल्दी की रस्म की तैयारी हो रही है. वह अपनी मम्मी से कहते हैं कि वो फिर से हल्दी में लग गई. हल्दी की रस्म हो चुकी है.

## साई-फाई सुपरनेचुरल थ्रिलर फिल्म बैदा का टीजर जारी, तुम्बाड को भूल जाएंगे

सुधांशु राय बेहद यूनिक तरह की साई-फाई सुपरनेचुरल थ्रिलर फिल्म बैदा लेकर आ रहे हैं। इसका टीजर रिलीज कर दिया गया है और दर्शकों द्वारा बेहद पसंद किया जा रहा है। यह फिल्म साइंस-फिक्शन है जिसे प्राचीन भारतीय मान्यताओं से लिंक किया गया है। टीजर की शुरुआत भगवद गीता के श्लोक से होती है जिसका मतलब है कि आत्मा अमर है, अनश्वर है। लगभग 1 मिनट 42 सेकेंड लंबे टीजर में फिल्म बैदा के मुख्य नायक और कहानीकार-अभिनेता सुधांशु राय को एक मायावी अंधेरी दुनिया में फंसते और एक शैतानी शक्ति का मुकाबला करते देखा जाएगा। पुनीत शर्मा द्वारा बनाई गई बैदा असल में भ्रम यानी माया की कहानी है जिसमें एक गांव का शख्स मृत्यु और समय के चक्र में अपनी जिंदगी के लिए द्वन्द करता है। घने जंगलों के बीच आग के सामने बैठा एक इंसान सारंगी बजा रहा है और यह बताता है की सामने का जंगल एक अजीब चादर ओढ़े बैठा है। टीजर के मुताबिक फिल्म बैदा भारतीय दर्शकों को पूरी तरह से एक फ्रेश और अनएक्सपेक्टेड कहानी पेश करने के लिए तैयार है। इसमें हितेन तेजवानी और सौरभ राज जैन जैसे कलाकार अपनी पिछली भूमिकाओं के विपरीत किरदार निभा रहे हैं। फिल्म के निर्देशक पुनीत शर्मा ने कहा- 'बैदा एक दिलचस्प और आकर्षक कहानी का मिश्रण है जिसमें शक्तिशाली किरदार हैं जो सिने दर्शकों पर खास छाप छोड़ेंगे। यह एक एंटरटेनिंग फिल्म है जो सभी आयु वर्ग के दर्शकों को लुभाएगी। बैदा की कहानी दर्शक सिनेमाघरों से वापस अपने घर तक ले जाएंगे। हम फर्स्ट लुक और टीजर दोनों को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया के लिए दर्शकों को तहेदिल से धन्यवाद देते हैं। उनके प्यार से हम इतने अभिभूत हैं कि 21 मार्च को सिनेमाघरों में उनसे मिलने का इंतजार तक नहीं कर पा रहे।' फिलहाल तो इस फिल्म के टीजर ने फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। बैदा को कंतारा-फेम प्रतीक शेट्टी ने संपादित किया है। इसके कलाकारों में सुधांशु राय के साथ शोभित सुजय, मनीषा राय, हितेन तेजवानी, तरुण खन्ना, अखलाक अहमद आजाद और सौरभ राज जैन शामिल हैं। पैनोरमा स्टूडियो द्वारा वितरित बैदा साल 2025 की उन फिल्मों में से एक है जो किसी सरप्राइज पैकेज से कम नहीं है।

# मोहनलाल की एल2 : एम्पुरान को सेंसर बोर्ड ने यू/ए सर्टिफिकेट के साथ रिलीज करने की मंजूरी दी




मलयालम स्टार मोहन लाल की एल2-एम्पुरान फिल्म प्रेमियों के बीच काफी दिलचस्पी पैदा कर रही है क्योंकि यह फिल्म ब्लॉकबस्टर फिल्म गॉडफादर की अगली कड़ी है। फिल्म 27 मार्च 2025 को शानदार रिलीज के लिए तैयार है। इस बीच, फिल्म के सेंसर विवरण और रनटाइम के बारे में रिपोर्ट आ रही हैं।

अंदरूनी चर्चा है कि फिल्म ने अपनी सेंसर औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं और उसे यू/ए सर्टिफिकेट मिल गया है और चर्चा है कि फिल्म का रनटाइम 3 घंटे से अधिक हो गया है। यह काफी लंबा है और हालांकि, निर्माताओं की ओर से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

पृथ्वीराज सुकुमारन इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं, जिसमें टोविनो थॉमस, इंद्रजीत सुकुमारन, मंजू वारियर, सानिया इयप्पन, साई कुमार और सचिन खेडेकर अहम भूमिका में हैं। फिल्म का निर्माण लाइका प्रोडक्शंस और आशीर्वाद सिनेमा द्वारा भव्य और प्रतिष्ठित तरीके से किया गया है। दीपक देव संगीत निर्देशक हैं, जबकि सुजीत वासुदेव सिनेमैटोग्राफर हैं और अखिलेश मोहन फिल्म के संपादक हैं।

## विजय एंटनी की 25वीं फ़िल्म शक्ति थिरुमगन का टीज़र जारी

निर्देशक अरुण प्रभु की फिल्म 'शक्ति थिरुमगन' के निर्माताओं ने फिल्म का एक रोमांचक टीजर जारी किया, जिसमें अभिनेता विजय एंटनी मुख्य भूमिका में हैं। टीजर को देखकर प्रशंसक और फिल्म प्रेमी काफी खुश हैं। शक्ति थिरुमगन तमिल, तेलुगु, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम सहित कई भाषाओं में उपलब्ध होगी। टीजर दो मिनट और 15 सेकंड का है, जिससे यह आभास होता है कि यह फिल्म एक रोमांचक थ्रिलर होगी, जो दर्शकों को काफी समय तक अपनी सीट से बांधे रखेगी। टीजर की शुरुआत एक बच्चे के जन्म से होती है। इसके तुरंत बाद कई किरदार देश के सबसे बड़े घोटाले के बारे में बात करते हुए दिखाई देते हैं। राजनेता, नौकरशाह, पुलिस और आम जनता इस बात को लेकर हैरान है कि इस घोटाले के पीछे कौन है, लेकिन उन्हें पता चलता है कि वे अंधेरे में हैं और इसके पीछे किट्टू नाम का एक आदमी है... टीजर वही करता है

# प्रतीक गांधी और पत्रलेखा की फिल्म फुले को मिली रिलीज तारीख



भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की इस जयंती पर डांसिंग शिवा फिल्म्स, किंग्समेन प्रोडक्शंस और हम 11 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में फिल्म फुले की दुनिया भर में रिलीज कर रहे हैं, जो ज्योतिराव फुले की 197 वीं जयंती है। फिल्म फुले में प्रतीक गांधी और पत्रलेखा अहम भूमिका निभाई है। यह फिल्म भारतीय सामाजिक सुधार आंदोलन के दो प्रमुख व्यक्तियों महात्मा ज्योतिराव फुले और सावित्रीबाई फुले के जीवन और विरासत की कहानी को दर्शाएगी।

प्रतीक गांधी और पत्रलेखा की बहुप्रतीक्षित फिल्म फुले को आखिरकार रिलीज की तारीख मिल गई है। समाज सुधारक महात्मा ज्योतिराव और सावित्रीबाई फुले के जीवन और कार्यों पर आधारित यह फिल्म इस साल 11 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रिलीज की तारीख ज्योतिराव की 197वीं जयंती के साथ भी मेल खाती है।

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता अनंत महादेवन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में प्रतीक गांधी महात्मा ज्योतिराव फुले और पत्रलेखा उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले की भूमिका में नजर आएंगे। जी स्टूडियोज ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म के घोषणा पोस्टर को कैप्शन के साथ शेयर किया है और लिखास भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की इस जयंती पर, डांसिंग शिवा फिल्म्स, किंग्समेन प्रोडक्शंस और हम 11 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में फिल्म फुले की विश्वव्यापी रिलीज की घोषणा करने के लिए एक साथ आ रहे हैं, जो ज्योतिराव फुले की 197वीं जयंती का प्रतीक है।

यह फिल्म महात्मा ज्योतिराव और सावित्रीबाई फुले की प्रेरणादायक सफर को दर्शाती है, जिनके भारत में शिक्षा और सामाजिक समानता के क्षेत्र में किए गए काम ने एक स्थायी विरासत छोड़ी है। सावित्रीबाई फुले के रूप में अपनी भूमिका पर पत्रलेखा ने अपनी खुशी जाहिर की और कहा, मैं इस फिल्म में सावित्रीबाई फुले का किरदार निभाने के लिए बेहद सम्मानित महसूस कर रही हूं। ज्योतिराव फुले के साथ, उन्होंने भारत में आधुनिक शिक्षा और सामाजिक समानता की नींव रखी। आज उनकी जयंती पर, हम फुले की रिलीजा का एलान करें। मैं रोमांचित हूं कि दर्शक जल्द ही बड़े पर्दे पर उनकी प्रेरणादायक सफर देख सकेंगे।

भारतीय इतिहास की महान समाज सुधारक सावित्रिबाई फुले का जन्म आज ही के दिन 1831 में महाराष्ट्र के सतारा जिले के नायगांव में हुआ था। सावित्रिबाई ने 1848 में पुणे के भिड़े वाड़ा में देश का पहला गर्ल्स स्कूल खोला था। सावित्रिबाई फुले ने पुरुष प्रधान समाज का विरोध करते हुए घर-घर जाकर लोगों को बच्चियों को पढ़ाने के लिए प्रेरित किया। 10 मार्च 1897 को सावित्रिबाई का प्लेग की वजह से निधन हो गया था।

# बेलमकोंडा साईं श्रीनिवास, नारा रोहित अभिनीत बहुप्रतीक्षित एक्शन थ्रिलर भैरवम का दमदार टीज़र रिलीज़

बेलमकोंडा साईं श्रीनिवास, मनोज मांचू और नारा रोहित अभिनीत बहुप्रतीक्षित एक्शन थ्रिलर भैरवम का दमदार और शानदार टीज़र रिलीज़ हो गया है। विजय कनकमेडला द्वारा निर्देशित और श्री सत्य साईं आर्ट्स के केके राधामोहन द्वारा निर्मित इस फ़िल्म में अदिति शंकर, आनंदी और दिव्या पिल्लई भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। टीज़र की शुरुआत एक महिला की आवाज़ से होती है, जो बेलमकोंडा साईं श्रीनिवास के चरित्र द्वारा उसके सपनों में की गई हिंसा का वर्णन करती है, और उसके कार्यों के लिए उसकी तुलना भगवान कृष्ण से करती है।

कहानी एक वाराही मंदिर और तीन दोस्तों के इर्द-गिर्द घूमती है, जिनकी भूमिका बेलमकोंडा साईं श्रीनिवास, मनोज मांचू और नारा रोहित ने निभाई है, जो एक-दूसरे के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। टीज़र में फ़िल्म की कहानी को दर्शाया गया है, जिसमें मुख्य किरदारों और केंद्रीय संघर्ष का परिचय दिया गया है। श्री सत्य साईं आर्ट्स के शानदार प्रोडक्शन वैल्यू और हरि के वेदांतम के शानदार कैमरा वर्क के साथ, टीज़र देखने लायक है। संगीत निर्देशक श्री चरण पकाला ने अपने शानदार स्कोर से अनुभव को और भी बेहतर बना दिया है।

बेल्लमकोंडा साईं श्रीनिवास एक कच्चे, देहाती लुक में चमकते हैं और एक सम्मोहक प्रदर्शन देते हैं, खासकर अंतिम क्षणों में जो उनके चरित्र की प्रतिभा को प्रदर्शित करते हैं। मनोज मांचू और नारा रोहित भी उग्र, गतिशील भूमिकाएँ निभाते हैं, और टीज़र प्रभावी रूप से उनकी दोस्ती की ताकत पर जोर देता है। अपने हाई-ऑक्टेन टीज़र के साथ, भैरवम ने एक उच्च मानक स्थापित किया है और इसकी नाटकीय रिलीज़ के लिए बड़ी प्रत्याशा पैदा की है।

फिल्म के तकनीकी दल में संपादक के रूप में छोटा के प्रसाद, प्रोडक्शन डिज़ाइनर के रूप में ब्रह्मा कदली और संवाद लेखक के रूप में सत्यर्षि और टूम वेंकट शामिल हैं। अपने प्रतिभाशाली कलाकारों और क्रू के साथ, भैरवम एक एक्शन से भरपूर और नेत्रहीन आश्चर्यजनक फिल्म होने का वादा करती है। टीज़र ने पहले ही चर्चा पैदा कर दी है, और प्रशंसक फिल्म की रिलीज़ का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं।

**बॉक्स ऑफिस पर विक्की कौशल की छावा का जलवा, अब भी करोड़ों कमा रही**

छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित विक्की कौशल की फिल्म छावा 14 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह फिल्म पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रही है।

इस फिल्म को उम्मीद से कहीं ज्यादा सफलता मिली है, जिसके बारे में खुद निर्माता-निर्देशक ने नहीं सोचा होगा। रिलीज के 25 दिन बाद भी इस फिल्म की बॉक्स ऑफिस पर बादशाहत कायम है।

अब छावा के 26वें दिन की कमाई के आंकड़े सामने आ गए हैं।

सैकनिल्क के मुताबिक, छावा ने रिलीज के 26वें दिन यानी चौथे मंगलवार को 5.15 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 530.95 करोड़ रुपये हो गया है। दुनियाभर में फिल्म ने अब तक 712.5 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है। छावा का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर ने किया है। इस फिल्म में रश्मिका मंदाना, आशुतोष राणा, विनीत कुमार, दिव्या दत्ता, अक्षय खन्ना और डायना पेंटी जैसे सितारों ने भी अपनी अदाकारी का तड़का लगाया है। छावा अब विक्की की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है।

## शब्द सामर्थ्य -356

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**
1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 355 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्क | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना लार्डगंज में सुनील कोष्टा उम्र 34 वर्ष निवासी छोटा फुहारा गोहलपुर ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह नरसिहपुर मे सुपर वाइजर का काम करता है दिनांक 11.03.25 को वह एवं उसकी मौसी का लडका सौरभ कोरी अमखेरा से करमचंद चौक सुपर वाइजर के आफिस जा रहे थे, लगभग 11.40 बजे रानीताल चौराहे के पास पहुचा तो सूरज ठाकुर व अन्य 01 व्यक्ति उसे रोककर रूपये मांगने लगे उसने रूपये देने से मना किया तो गालीगलौज करते हुये जान से मारने की धमकी देने लगे तथा उसे अपना स्कैनर दिये



# उच्च न्यायालय के द्वारा पारित आदेश के परिपालन में नगर निगम द्वारा की गई कार्रवाई - निगमायुक्त प्रीति यादव








## खैरी क्षेत्र में गोबर भंडारण को लेकर निगमायुक्त के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य अमले द्वारा की गई कार्रवाई

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा पारित आदेश के परिपालन में आज नगर निगम के द्वारा कार्रवाई की गयी। कार्रवाई के संबंध में बताया गया कि निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग संभाग क्रमांक 15 सुहागी की टीम के द्वारा गोबर भंडारण को लेकर कार्रवाई की। इस संबंध में सहायक स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र राज ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय के द्वारा आदेश पारित किया गया था, जिसके परिपालन में आज गोबर भंडारण के विरूद्ध कार्रवाई की गयी। उन्होंने बताया कि नगर निगम की स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से संभाग क्रमांक 15 के अंतर्गत शहीद बिरसामुंडा वार्ड के खैरी क्षेत्र में गोबर भंडारण करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए खाली प्लाटों से गोबर हटाने की कार्रवाई की गई। उक्त कार्यवाही के समय स्वास्थ निरीक्षक अनंत दुबे, स्वछता टीम, जिला प्रशासन एवं भारी पुलिस बल मौके पर उपस्थित रहा।

## जेडीए ने सिविक सेंटर के बकायादारों से सख्ती से की वसूली

# 15 दिवस में यदि पूर्ण राशि जमा नहीं हुई, तो जेडीए करेगा तालाबंदी



जबलपुर। जबलपुर विकास प्राधिकरण की सम्पदाधिकारी श्रीमती रीति सोनवे द्वारा आज सिविक सेंटर में जेडीए के बकायादार किरायेदारों से सख्ती से 20 लाख से अधिक राशि की वसूली की कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही के दौरान जेडीए के इंजीनियर्स एवं अन्य स्टॉफ उपस्थित रहा। जेडीए अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर वसूली नोटिस सौंपे गये एवं बकाया वसूली की कार्यवाही की गई। सम्पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि बकायादारों को अंतिम चेतावनी दी जा चुकी है, फिर भी यदि वे 15 दिवस में पूर्ण बकाया राशि प्राधिकरण में जमा नहीं करते है, तो जेडीए तालाबंदी करते हुये सम्पत्ति का कब्जा तत्काल वापिस लेने बाध्य रहेगा और बकाया राशि वसूली कुर्की के माध्यम से की जावेगी। इस दौरान समस्त बकायादारों को शीघ्र राशि जमा करने सचेत किया गया।

# अंतरक्षेत्रीय विद्युत नाट्य एवं नृत्य प्रतियोगिता उद्घाटित सामाजिक मुद्दे व ज्वलंत समस्या विषय बनी नाटकों की





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में अंतरक्षेत्रीय विद्युत नाट्य व नृत्य प्रतियोगिता आज तरंग प्रेक्षागृह में प्रारंभ हो गई। प्रतियोगिता का उद्घाटन केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता ने किया। इस अवसर पर केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के पदाधि?कारी, प्रतियोगिता में भाग लेने वाली इंदौर, भोपाल, सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी, संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर, श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा व मेजबान केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर की टीम के खि?लाड़ी व बड़ी संख्या में विद्युत कार्मिक उपस्थि?त थे। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस पर एकल नृत्य, नुक्कड़ नाटक व मंचीय नाटकों की प्रस्तुति हुई। एकल नृत्य में पवन मेहरा की अर्धनारीश्वर स्वरूप प्रस्तुति-प्रतियोगिता में एकल नृत्य स्पर्धा में सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी के पवन मेहरा ने सत्यम शि?वम सुंदरम पर अर्धनारीश्वर स्वरूप में अपनी नृत्य प्रस्तुति दी। एकल नृत्य स्पर्धा में प्रस्तुति देने वाले वे एकमात्र पुरूष प्रतिभागी थे। भोपाल की जया सोलंकी ने भरतनाट्यम प्रस्तुत किया। इंदौर की प्रियंका यादव, संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर की संगीता उद्दे व केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर की अनुपमा तिवारी ने कत्थक नृत्य की उत्कृष्ट प्रस्तुति दी।

नुक्कड़ नाटक में छाए रहे ज्वलंत मुद्दे-शक्तिभवन परिसर में आयोजित नुक्कड़ नाटक स्पर्धा में सामाजिक मुद्दों को उठाया गया। श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा की टीम ने वर्तमान में सबसे ज्वलंत मुद्दे साइबर क्राइम व डि?जिटल अरेस्ट पर केन्द्रि?त विषय पर नुक्कड़ नाटक किया। इस प्रस्तुति के माध्यम से लोगों को साइबर क्राइम व डिजिटल अरेस्ट के खतरे से आगाह रहने का संदेश दिया गया। दूसरी प्रस्तुति अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई द्वारा मानसिक स्वास्थ्य विषय पर केन्द्रि?त थी। इस नुक्कड़ नाटक में ड्रग्स के खतरों को बताया गया। मंचीय नाटकों में हुआ विसंगतियों पर प्रहार-प्रतियोगिता के प्रथम दिवस तीन मंचीय नाटकों की प्रस्तुति की गई। श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा द्वारा अंधेर नगरी चौपट राजा, संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर ने भुक्कड़ व अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई ने वृद्धाश्रम नाटक का मंचन किया। अंधेर नगरी चौपट राजा प्रसिद्ध हिंदी साहित्यकार भारतेंदु हरिश्चंद्र की मूल कृति अंधेर नगरी पर आधारित था। इस नाटक में विवेकहीन और निरंकुश शासन व्यवस्था पर करारा व्यंग्य किया गया। वृद्धाश्रम नाटक में समाज के वरिष्ठ नागरिकों की त्रासदी को दिखाया गया, जबकि? भुक्कड़ नाटक में निर्धनता को विषय बनाया गया।

# 46 वीं अंतरक्षेत्रीय विद्युत महिला खेल प्रतियोगिता उद्घाटित श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा ने कायम किया दबदबा





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में 46 वीं अंतरक्षेत्रीय विद्युत महिला खेल प्रतियोगिता आज प्रारंभ हो गई। प्रतियोगिता का उद्घाटन केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता प्रात- ने किया। इस अवसर पर केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के पदाधि?कारी, प्रतियोगिता की प्रतिभागी टीम भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, उज्जैन, श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा व मेजबान केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर के खि?लाड़ी व विद्युत कार्मिक बड़ी संख्या में उपस्थि?त थे। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस पर पांच खेल स्पर्धाओं शतरंज, टेबल टेनिस, कैरम, बैडमिंटन व टेनीकॉइट के प्रारंभि?क मैच रामपुर परिसर स्थि?त मशाल परिसर व ज्योति क्लब में खेले गए। आज श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा की टीम का बैडमिंटन, टेबल टेनिस व शतरंज में दबदबा रहा।

शतरंज में श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह ने ली बढ़त-शतरंज स्पर्धा में श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा की टीम ने 4 अंक अर्जित कर बढ़त ले ली। वहीं भोपाल टीम ने 2 अंक अर्जित किए हैं। भोपाल की दुर्गा मालकर ने संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर की प्रियंका पाठक को, श्री सिंगाजी ताप विद्यत गृह खंडवा की जया कोरी ने भोपाल की नीलम धन्ना को, खंडवा की रत्ना कलम ने केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर की अंजू नीखरे को, सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी की दीपिका ठाकुर ने केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर की कविता विश्नोई को और ग्वालियर की प्रीति इंसुलिया ने इंदौर की शारदा को पराजित किया। दूसरे चक्र में भोपाल की दुर्गा मालकर, खंडवा की रत्ना कलम व जया कोरी, केन्द्रीय कार्यालय की कविता विश्नोई व बिरसिंगपुर की प्रियंका पाठक ने अपने प्रतिद्वंदि?यों को पराजित कर अपनी टीम के लिए बहुमूल्य अंक हासिल किए।

बैडमिंटन स्पर्धा में श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह बना विजेता-बैडमिंटन स्पर्धा में श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा की टीम ने अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करते हुए केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर को पराजित कर विजेता बनने का गौरव पाया। श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा की ओर से अंजली सिंह व निकिता ने अपने-अपने एकल मैच जीते और डबल्स में भी इस जोड़ी ने केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर की रजनी धारने व दीक्षा सिंह को पराजित किया। टेबल टेनिस स्पर्धा में श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा ने भोपाल को 3-0 से पराजित कर खि?ताब जीत लिया। इंदौर टीम स्पर्धा में तृतीय स्थान पर रही। टेनीक्वाइट स्पर्धा में केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर ने भोपाल को पराजित किया। एक अन्य मैच में इंदौर ने भोपाल को पराजित किया। कैरम स्पर्धा में इंदौर ने संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर को 3-0, भोपाल ने केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर को 2-1 से पराजित किया।

प्रतियोगिता का समापन व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन 19 मार्च को सायं 5 बजे से तरंग प्रेक्षागृह में किया गया है।

# ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध क्यों नहीं - कलेक्टर प्रतिवेदन दें- मा.अ.आयोग

जबलपुर। जिले की मोहास ग्राम पंचायत अंतर्गत निवासरत ग्रामीण वाशिन्दों को पेयजल की समस्या से त्रस्त होने का मामला प्रकाश में आया है। क्षेत्र में पाइप लाइन तो डाली जा चुकी है, किन्तु पानी सप्लाई नहीं होने के कारण ग्रामीण जनों को पेयजल के लिये अत्यधिक परेशान होना पड़ रहा है। मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्यपीठ भोपाल में प्रकरण पर सुनवाई करते हुए, अध्यक्ष मनोहर ममतानी की एकलपीठ ने जनहित में मानव अधिकारों के हनन का मामला मानकर, जबलपुर के कलेक्टर से मामले की जांच कराकर, की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

### अज्ञात चोर ई रिक्शा चुरा ले गया

जबलपुर। थाना कैंट में विवेक सोंधिया उम्र 23 वर्ष निवासी भानतलैया हनुमानताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि ई रिक्शा क्रमांक एमपी 20 जेड एन 3244 को दिनांक 09.03.25 को शाम 5 बजे टैगोर गार्डन के सामने खड़ा कर गार्डन के अंदर चला गया था जहॉ से शाम 6-30 बजे बाहर आया तो उसका ई रिक्शा नही था कोई अज्ञात ई रिक्शा चोरी कर ले गया है । रिपोर्ट पर धारा 303(2) बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## आज भारत दुनिया का बड़ा रेलवे निर्यातक बन चुका है-जल्द ही बिहार में बने लोकोमोटिव का दुनिया में डंका बजेगा

# राष्ट्र प्रथम, सदैव प्रथम की भावना के साथ आगे बढ़ें -अश्विनी वैष्णव

**अब भारतीय रेल में सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कई तकनीकी बदलाव किए गए हैं। 2020 के बाद से भारतीय रेल ने यात्री किराया नहीं बढ़ाया है। केंद्र सरकार ने हर राज्य के लिए रेलवे विकास हेतु ऐतिहासिक बजट आवंटित किया है। बुलेट ट्रेन जैसे प्रोजेक्ट्स आने वाली पीढ़ियों के लिए बनाए जा रहे हैं- रेल मंत्री**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को लोकसभा में रेल मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदान की मांगों और चर्चा पर जवाब दिया। अपने संबोधन में उन्होंने भारतीय रेल की प्रगति को रेखांकित करते हुए पंक्चुअलिटी, रोजगार, सुरक्षा, निर्यात और इंफ्रा डेवलपमेंट को प्राथमिकता दी। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रोजगार देने में भी रेलवे सबसे आगे है। उन्होंने देश की प्रगति के लिए सभी से राष्ट्र प्रथम, सदैव प्रथम की भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

रेल मंत्री ने सदन में कहा कि रेलवे की पंक्चुअलिटी में बड़ा सुधार हुआ है। इस वर्ष में 68 में से 49 डिवीजन में गाड़ियों की पंक्चुअलिटी 80त्न से अधिक दर्ज की गई है। उससे भी गौरव की बात ये है कि 12 डिवीजन ऐसे रहे जहां पंक्चुअलिटी 95त्न तक पहुंच गई है। विश्व के बड़े देशों के बराबर पहुंचने की कोशिश हम कर रहे हैं। ये रेलवे की गुणवत्ता में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। रोजगार सृजन का जिक्र करते हुए रेल मंत्री ने कहा कि भारतीय रेल ने पिछले 10 वर्षों में 5 लाख से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान किया है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। वर्तमान में भी 1 लाख लोगों के लिए भर्ती प्रक्रिया चल रही है।

रेल मंत्री ने कहा कि अब भारतीय रेल में सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कई तकनीकी बदलाव किए गए हैं। लंबे रेल, इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग, फॉग सेफ्टी डिवाइस जैसे कदमों ने रेल यात्रा को और सुरक्षित बनाया है। 50,000 किलोमीटर पुराने ट्रैक को हटाकर नए ट्रैक बिछाए गए हैं, जिससे सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। 34,000 किलोमीटर नए रेलवे ट्रैक बनाए गए हैं, जो जर्मनी के पूरे रेल नेटवर्क से भी अधिक है। लोकोमोटिव उत्पादन में भी भारत ने बाजी मारी है। रेल मंत्री ने कहा कि देश में 1,400 लोकोमोटिव का उत्पादन हुआ जो अमेरिका और यूरोप के कुल उत्पादन से अधिक है।

भारतीय रेल ने वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की है। रेल मंत्री ने सदन को जानकारी देते हुए कहा कि आज भारत एक बड़ा रेलवे निर्यातक बन चुका है। ऑस्ट्रेलिया को मेट्रो कोच, यूके, सऊदी अरब और फ्रांस को रेल कोच तथा मैक्सिको,स्पेन,जर्मनी और इटली को ऑपरेशन इक्विपमेंट निर्यात किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही बिहार में बने लोकोमोटिव का दुनिया में डंका बजेगा और तमिलनाडु में निर्मित पहिए दुनिया के दूसरे देशों की ट्रेनों में भी दौड़ते नजर आएंगे। यह भारत के लिए गर्व का क्षण है।

रेल मंत्री ने कहा कि कोलकाता मेट्रो रेल प्रोजेक्ट में ऐतिहासिक प्रगति हुई है। 1972 से 2014 तक 42 वर्षों में 28 किमी का काम हुआ, जबकि मोदी सरकार के 10 वर्षों में 38 किमी का काम पूरा हुआ। बुलेट ट्रेन पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि हमें देश को आगे ले जाना है। बुलेट ट्रेन जैसे प्रोजेक्ट्स आने वाली पीढ़ियों के लिए बनाए जा रहे हैं। रेल मंत्री ने नॉर्थ ईस्ट में रेलवे प्रोजेक्ट्स में अभूतपूर्व प्रगति का जिक्र करते हुए कहा कि सिक्किम में सेवक से रंगपो तक रेल प्रोजेक्ट पहुंच रहा है, असम में नए काम शुरू हुए हैं और त्रिपुरा में आजादी के बाद पहली बार ब्रॉड गेज लाइन शुरू हुई है। केंद्र सरकार ने हर राज्य के लिए रेलवे विकास हेतु ऐतिहासिक बजट आवंटित किया है। उन्होंने कहा कि रेलवे का लक्ष्य हर कोने को रेल नेटवर्क से जोड़ना और यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं देना है। भारत में आज विश्व का सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन रिडेवलपमेंट प्रोग्राम (अमृत भारत स्टेशन) चलाया जा रहा है।

# कलचुरी क्लब का होली परिवारिक मिलन समारोह



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। विगत दिवस रामचन्द्र मिशन आश्रम में कलचुरी क्लब द्वारा होली पर परिवार मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें क्लब के सदस्यों द्वारा बढ़ चढ़ कर भाग लिया गया।क्लब की महिलाओं व पुरुषों ने इस अवसर पर कवि सम्मेलन में उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस अवसर पर कलचुरी महासभा के अध्यक्ष मनोहर चौकसे व उपाध्यक्ष शैलेन्द्र महाजन उपस्थित थे। कलचुरी महासभा के मीडिया प्रभारी कौशलेंद्र महाजन के द्वारा बताया गया कि होली मिलन के कार्यक्रम की मेजबानी वरिष्ठ सदस्य व्ही के गुप्ता जी के द्वारा की गई।कार्यक्रम का संचालन राजीव चौकसे द्वारा किया गया। मिलन समारोह में श्रीमति सीमा राजेंद्र राय,श्रीमती शशि रविन्द्र चौकसे,कल्पना श्रीचंद चौकसे,आशा देवेन्द्र चौकसे,रोजी संजय महाजन, कल्पना कौशलेंद्र महाजन,निधि सूर्य प्रकाश राय,अर्चना पप्पू राजेश जायसवाल, हेमलता राजेन्द्र मालवीय, प्रीति संदीप चौकसे, साधना राकेश चौकसे,भावना संजय चौकसे, कुसुम संजय शिवहरे,मोनिका चंद्रप्रकाश मालवीय व राम प्रकाश चौकसे ने सपत्नीक भाग लिया।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना घमापुर मे विनोद कुमार रैकवार उम्र 42 वर्ष निवासी गढा फाटक ने सूचना दी कि सुबह उसके चाचा ने बताया कि तुम्हारी मॉ के घर पर कोई दिख नहीं रहा है। जानकारी मिलने पर बरउ मोहल्ला घमापुर स्थित अपनी मॉ के घर पहुंचा एवं अंदर गया तो देखा कि सामने वाले कमरे के पंखे मे स्टाल से उसकी मॉ श्रीमति माया रैकवार फांसी के फंदे मे लटकी थी, दूसरे कमरे मे रखा कि उसका छोटा भाई अजय रैकवार उम्र 37 वर्ष जो मानसिक रूप से कमजोर था पंखे से फांसी पर लटका हुआ था। मॉ एवं भाई की मृत्यु हो चुकी है।

# संदीप शर्मा ने प्रतीक शर्मा के नाम से गढ़ा था फर्जी किरदार

## प्रतीक शर्मा के नाम से भी 10 लाख 73 हजार रुपए की राशि निकाल ली

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** करोड़ों रुपयों का गबन करके गायब हुआ संयुक्त संचालक ऑडिट का बाबू संदीप शर्मा एक पहेली बन गया है। अभी तक पुलिस उसका कोई सुराग नहीं लगा पाई है जबकि जांच टीमों को उसके नए-नए कारनामे मिल रहे हैं। अब पता चला हैं कि संदीप शर्मा ने प्रतीक शर्मा नाम से एक फर्जी किरदार गढ़ा था। इस किरदार के नाम पर उसने फर्जी एम्प्लॉई कोड और प्रान यानी परमानेन्ट रिटायरमेंट अकाउंट नम्बर भी जनरेट किया था और उसे आईएफएमआईएस में ऑनलाइन दर्ज कराया था। यही नहीं उसने प्रतीक शर्मा के नाम से भी 10 लाख 73 हजार रुपए की राशि निकाल लीथी। बेहद शातिर संदीप शर्मा ने इतनी चतुराई से गबन किया कि कई सालों तक किसी को भनक तक नहीं लगी। अब जबकि उसका काला चिट्ठा खुल रहा है तो अधिकारी भी हैरान और परेशान हो रहे हैं। संदीप ने वैसे तो कई कर्मचारियों की फर्जी नियुक्ति की और उनका फर्जी तरीके से रिटायरमेंट भी करवा दिया।

प्रतीक शर्मा नाम का उपयोग उसने अपने सहयोग के लिए किया। इसके जरिए वह गबन के कार्य को आगे बढ़ाता रहा। इस किरदार के नाम पर उसने 10 लाख 73 हजार रुपए की राशि निकाली और अपने परिचितों के नम्बर पर भेज दी। हर विभाग में होता है लॉग-इन और पासवर्ड का दुरुपयोग- शायद ही ऐसा कोई विभाग होगा जहां लॉग-इन और पासवर्ड उसी के पास होगा, जिसके नाम से जनरेट किया गया है। लगभग हर विभाग में मुखिया का लॉग-इन और पासवर्ड स्टेनो, पीए या बाबू के पास होता है। अधिकारी पूरे भरोसे के साथ ये जिम्मेदारी उन्हें देते हैं और अभी तक विश्वासघात के बहुत ही कम मामले सामने आए हैं, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि हर अधिकारी गलत कार्य करे। अपना लॉग-इन और पासवर्ड किसी भी दूसरे को देना एक तरह से खुद को मुसीबत में फंसाने जैसा है। अब सरकारी कार्यालयों में एक अभियान यह भी चलना चाहिए कि लॉग-इन और पासवर्ड बदले जाएं और जिनके नाम पर हों, वे ही उसे ऑपरेट भी करें। दूसरे विभागों तक जाएगी जांच की आंच- अभी तो संदीप शर्मा गायब है इसलिए जांच का दायरा भी सीमित है लेकिन जब वह पकड़ा जाएगा तो यह दायरा बढ़ सकता है। जानकारों का कहना हैं कि संदीप ने उन विभागों से भी खेल किया होगा, जिनकी ऑडिट का कार्य यहां होता था। नगरीय निकाय के बिल इसी विभाग से पास होते थे और जब तक ऑडिट न हो जाए क्लीन चिट नहीं मिलती थी। ऐसे में संदीप शर्मा ने दूसरे विभागों में भी अपनी शातिर चालों को चलने की कोशिश तो की ही होगी। यह जानकारी तभी मिलेगी, जब वह पुलिस की गिरफ्त में होगा।

## सिटीजन फीडबैक देकर आप भी अपने शहर का बढ़ाएँ मान

# आपके साकारात्मक फीडबैक से जबलपुर बनेगा नं.1

**जागरुकता अभियान रू मोबाइल पर आ रहा है ओटीपी तो घबराएं नहींए तस्दीक करें उसके बाद दें अपना फीडबैक**

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** स्वच्छता में जबलपुर इस बार प्रथम पायदान पर पहुँचने निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के मार्गदर्शन में नगर निगम द्वारा बड़े पैमाने पर प्रयास किये जा रहे हैं। प्रयासों के अंतर्गत स्वच्छता टीम के सदस्यों द्वारा शहरभर में घर.घर दस्तक देकर स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है और शासन द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप शहर भर में स्वच्छता के कार्यो को भी जमीनी धरातल पर कराया जा रहा है। इसके साथ.साथ सिटी ब्यूटीफिक्रेशन के लिए भी पेंटिंगए वॉल राईटिंगए पौधरोपणए कबर्ड जाली का निर्माणए दोनो पालियों में बेहतर सफाई के साथ.साथ रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था और घर.घर से कचरा प्रबंधन के कार्य भी व्यवस्थित तरीके से लगातार कराये जा रहे हैं। इसके अलावा स्वच्छता मापदण्डों के तहत् शहर में गार्बेज ट्रांसफर स्टेशनों के साथ.साथ शहर की सफाई व्यवस्था में व्यापक सुधार लाने कई प्रकार के प्लांटों की स्थापना कर बेहतर संचालन से शहर की सफाई व्यवस्था एवं स्वच्छता अभियान में बहुत तेजी आई है। इस वर्ष जबलपुर स्वच्छता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने को टारगेट करते हुए जमीनी धरातल पर कार्य कर रहा है।

निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण का दल कभी भी शहर में आ सकता हैए लेकिन इसके लिए सिटीजन फीडबैक भी बेहद जरूरी है। मंत्रालय ने फीडबैक देने के लिए क्यूआर कोड जारी कर दिया है। शहर में इन दिनों इसको लेकर जागरुकता अभियान भी चलाया जा रहा है। एनजीओ के कर्मचारी आमजन को फीडबैक देने के लिए जागरूक कर रहे हैं। वे लिंक और क्यूआर कोड भी दे रहे हैं। इस फीडबैक के लिए मोबाइल पर एक ओटीपी भी आता है। इस कारण आमजन इस प्रक्रिया में हिस्सा लेने से बच रहे हैं। कई लोग इसे ठगी का जरिया मानकर फीडबैक देने से बचते हैंए लेकिन शहरहित के लिए सिटीजन फीडबैक बेहद अहम है। शहरवासी सरकारी विभागों के ऑफिशियल पेज से जुड़कर क्यूआर कोड स्कैन कर भी फीडबैक दे सकते हैं। फीडबैक देने में भी जबलपुर का बाकी शहरों से मुकाबला होगा।

फीडबैक के सवालों का जवाब विकल्प के रूप में मौजूद

निगमायुक्त श्रीमती यादव ने बताया कि शहरवासी अपना नंबर दर्ज कर फीडबैक दे सकते हैं। इसके लिए फीडबैक देने से पहले एक ओटीपी मोबाइल पर आएगा पूरा फीडबैक सबमिट होने के बाद ही ओटीपी सबमिट करना है। फीडबैक के सवालों का जवाब विकल्प के रूप में मौजूद रहता है।

**आपको इन 10 सवालों के देने होंगे जवाब**

1. क्या कोई व्यक्ति प्रतिदिन आपके घरध्दुकान से कचरा उठाने आता हैघ् 2.आप अपने आवासीय क्षेत्र की सफाई को और नियमित झाड़ू लगाने के मामले में किस प्रकार रेट करेंगे 3. आप अपने क्षेत्र के आसपास कितनी बार कितनी जगह कचरे के ढेर देखते हैं 4.क्या आपके घर में कम से कम सूखे और गीले कचरे को अलग.अलग किया जाता हैघ्5.क्या कचरा संग्रहणकर्ता कचरे को अलग.अलग श्रेणियों में रखकरवाहन में लोड करता है या सभी को एक साथ मिला दिया जाता है 6.आपको क्या लगता है कि स्थानीय अधिकारी सार्वजनिक स्थानों जैसे बाजारोंए पार्कोंए उद्यानों या अन्य क्षेत्रों में स्वच्छ बनाने में कितने प्रभावी हैंघ 7.क्या आप कचरा प्रबंधन के लिए रिड्यूसए रीयूजए रीसाइकिल केंद्रों के बारे में जानते हैंघ 8.क्या आप जानते हैं कि निकायों में सीवर और सेप्टिक टैंकों की सफाई के लिए केवल लाइसेंस प्राप्त ऑपरेटरों को ही काम पर रखने की अनुमति हैघ्9.आप अपने क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालयों की सफाई और रखरखाव से कितने संतुष्ट हैं 10. क्या आपने कभी स्थानीय निकाय को सफाई से संबंधित किसी समस्या ;जैसे . कचरे का ढेरए कूड़ेदानों का ओवरफ्लो होनाए सफाई का अभावद्ध की रिपोर्ट की हैए और इसका समाधान कैसे किया गया था

# जबरन रूपयों की मांग करने वाले आरोपियों की तलाश

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना लार्डगंज में सुनील कोष्टा उम्र 34 वर्ष निवासी छोटा फुहारा गोहलपुर ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह नरसिहपुर मे सुपर वाइजर का काम करता है दिनांक 11.03.25 को वह एवं उसकी मौसी का लडका सौरभ कोरी अमखेरा से करमचंद चौक सुपर वाइजर के आफिस जा रहे थे, लगभग 11.40 बजे रानीताल चौराहे के पास पहुचा तो सूरज ठाकुर व अन्य 01 व्यक्ति उसे रोककर रूपये मांगने लगे उसने रूपये देने से मना किया तो गालीगलौज करते हुये जान से मारने की धमकी देने लगे तथा उसे अपना स्कैनर दिये और बोले कि इसमें 5000/- रूपये किसी से भी डलवाओ तो उसने अपनी भाभी को फोन करके बोला की मै जो स्कैनर भेज रहा हूँ उसमें 5,000 रूपये डाल दो तो भाभी ने सूरज ठाकुर द्वारा दिये गये फोन पे पर 5000/- रूपये डाल दिये । सूरज ठाकुर बोला कि अगर किसी को बताया तो तुझे जान से खत्म कर देगें रिपोर्ट पर धारा 308(3), 296, 351,(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

**अज्ञात चोर ई रिक्शा चुरा ले गया**

थाना कैंट में विवेक सोंधिया उम्र 23 वर्ष निवासी भानतलैया हनुमानताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि ई रिक्शा क्रमांक एमपी 20 जेड एन 3244 को दिनांक 09.03.25 को शाम 5 बजे टैगोर गार्डन के सामने खड़ा कर गार्डन के अंदर चला गया था जहॉ से शाम 6-30 बजे बाहर आया तो उसका ई रिक्शा नही था कोई अज्ञात ई रिक्शा चोरी कर ले गया है ।

# दो पक्षों ने किया एक दूसरे पर प्राणघातक हमला

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना गोहलपुर में मारपीट मे आई चोटो के कारण घायलो को उपचार हेतु मेडिकल कालेज मे भर्ती कराये जाने की सूचना पर पहुचीं पुलिस को विकास कोल उम्र 23 वर्ष साकिन ग्रीन सिटी रोड कृष्णा नगर तालाब के किनारे थाना माढ़ोताल ने बताया कि वह डीजे एवं कार वासिंग का काम करता है दिनाँक 15/03/2025 के रात करीब 9/30 बजे में अघौरी बाबा के मंदिर में दर्शन करने जा रहा था कृष्णा नगर में जायसवाल किराना दुकान के सामने एक 15 वर्षिय बालक अपने साथी श्रेयांश त्रिपाठी, आर्यन चौधरी एवं अन्य के साथ मिला गालीगलौज करते हुये हत्या करने की नियत से चाइना चाकू एवं तलवार से हमला कर कंधे, पेट एवं वाये हाथ के पंजे में में चोट पहुंचा दी उसके छोटे भाई सावन उर्फ साहिल ने बीच बचाव किया तो सभी ने चाइना चाकू एवं तलवार से हत्या करने की नियत हमला कर भाई के पैर, पीठ, हाथ में चोट पहुंचा दी।

# टैक्स जमा करने करदाताओं के पास अब मात्र 14 दिन शेष

## 27 हजार 3 सौ 72 सनहाल करदाताओं से वसूलना है 9 करोड़

**31 मार्च तक करदाताओं द्वारा राशि जमा नहीं की जाती है तो 1 अप्रैल से राशि होगी दो गुना रू शासन ने वित्तीय वर्ष 21.22 से नियमों में किया है संशोधन**

**जिन बकायादारों को होली के पहले 3 दिन का नोटिस जारी किया गया उनकी चल सम्पत्ति जप्ति की कार्रवाई की जायेगी**

जबलपुर। शहर के करदाताओं के पास बकाया करों की राशि 31 मार्च तक जमा कर अधिभार से बचने के लिए अब मात्र 14 दिन शेष बचा है। 14 दिन के उपरांत यानी 1 अप्रैल 2025 से समस्त बकाया करों की राशि दो गुना कर करदाताओं से करों की वसूली की जायेगी। अभी निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा लगातार करदाताओं से अपील की जा रही है कि 31 मार्च तक समस्त बकाया करों की राशि जमा कर अधिभार के साथ.साथ अप्रिय कार्यवाही से बचें।

आज वसूली के संबंध में उपायुक्त श्री सनखेरे ने बताया कि 27 हजार 3 सौ 72 सनहाल करदाता है जिनसे लगभग 9 करोड़ रूपये की राशि वसूल की जाना है। उन्होंने बताया कि करदाताओं द्वारा 31 मार्च तक राशि जमा नहीं की जाती है तो शासन के संशोधित नियमों के तहत् 1 अप्रैल से राशि को दो गुना कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि जिन बकयादारों को होली के पहले 3 दिन का नोटिस जारी किया गया था उनकी चल सम्पत्ति जैसे स्कूटरए मोटर साइकिलए कारए जीप आदि जप्त करने की कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि बकायादारों के वाहनों की जानकारी एकत्र भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि 1 अप्रैल से राशि दो गुना हो जायेगी जिसमें आने वाली लोक अदालत में भी राहत नहीं मिलेगी।

# मारपीट करने वाले आरोपी की तलाश

जबलपुर। थाना मझोली मे रमाकांत राजपूत उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम महंगवा (सुहारनदी) ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि अपना ट्रैक्टर लेकर बटरी की गहाई करने जा रहा था िकरीब 09/50 बजे अपने कछरा वाले खेत के पास पहुंचा तो वहां पर खेत मे बच्चू सिंह राजपूत चारा काट रहा था जिसे अपने खेत का चारा काटने से मना किया तो बच्चू गालीगलौज करने लगा उसने टैक्टर से नीचे उतरकर गालीगलौज करने से मना किया तो हांथ मे लिये हंसिये से बांये हांथ की गदेली मे हमला कर चोट पहुचां दी

# नगर निगम से व्यापारी लाइसेंस लेकर ही करें स्वाभिमान के साथ व्यापार . निगमायुक्त

**31 मार्च के पहले सभी व्यापारी कराएँ लाइसेंस नवीनीकरण अन्यथा 1 अप्रैल से 100 प्रतिशत लगेगा**

जबलपुर। नगर निगम द्वारा निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार बाजार विभाग के माध्यम से शहर में स्वाभिमान के साथ व्यापार करने नए व्यापारियों के लिए लायसेंस बनाने तथा पुराने लायसेंस का नवीनीकरण करने का कार्य किया जा रहा है। यह व्यवस्था नगर निगम के सभी संभागीय कार्यालयों के साथ.साथ जार्ज टाउन स्कूल परिसर में लायसेंस एजेन्सी संचालक कार्यालय से भी किये जा रहे हैं। निगमायुक्त श्रीमती यादव ने सभी व्यापारियों से अनुरोध किया है कि नगर निगम से लायसेंस लेकर ही स्वाभिमान के साथ व्यापार करें और पुराने लायसेंस का 31 मार्च के पहले नवीनीकरण कराएँ और 100 प्रतिशत लगने वाला पेनाल्टी से बचें। इस संबंध में उपायुक्त पीएनएण् सनखेरे एवं बाजार अधीक्षक दिनेश प्रताप सिंह ने पेनाल्टी के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 31 मार्च तक नवीन लायसेंस एवं लायसेंस नवीनीकरण में कोई पेनाल्टी नहीं लगेगीए 31 मार्च के बाद 1 अप्रैल से 100 प्रतिशत पेनाल्टी का प्रावधान किया गया है। बाजार अधीक्षक दिनेश प्रताप सिंह ने व्यापारियों से लाइसेंस लेकर ही व्यापार करने और निगम की अप्रिय कार्यवाही से बचने अपील की है।

# पंजाबी साहित्य अकादमी का रंग दे बसंती आयोजन 24 मार्च को होगा

जबलपुर-मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग, मध्य प्रदेश संस्कृति परिषद, पंजाबी साहित्य अकादमी, भोपाल एवं केंद्रीय गुरु सिंह सभा म.प्र.छ. ग. जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 24 मार्च को मानस भवन में रंग दे बसंती होला महल्ला उत्सव सायं 7 बजे से 9 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। आयोजक सुरिंदर सिंह खनूजा एवं अजीत सिंह नैय्यर ने बताया कि इस नि:शुल्क आयोजन में पंजाबी लोक नृत्य, गायन एवं शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह के जीवन पर आधारित एक घंटे का नाट्य मंचन के साथ ही रंगारंग प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी । पंजाबी साहित्य अकादमी भोपाल के महा निदेशक इंद्रजीत सिंह खनूजा, अध्यक्षता करेंगे।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/337 2024-25 दिनांक 17/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1000620783 में पंजीकृत भवन स्वामी **श्रीमती पूनम चीकू राज, पति- श्री चीकू जे. राज** के स्थान पर आवेदक **श्री हरमिन्दर सिंह सग्गु, पिता श्री जसवीर सिंह एवं श्री सुखवंत सिंह सग्गु, पिता- श्री जसवीर सिंह** ने **मकान नं. 611/1/डी-4 , वार्ड क्र.- 10 ,............. वार्ड,** क्षेत्रफल 900 व.फु., भूतल 450 व.फु., प्रथमतल 450 व.फु., **दस्तावेज- पंजीकृत विक्रय पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/336 2024-25 दिनांक 17/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1000621866 में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री अवधेश कुमार पचौरी, पिता- श्री आर.के. पचौरी** के स्थान पर आवेदक **श्री मनीष साधवानी, पिता- श्री सत्य पाल साधवानी** ने **मकान नं. 412/इ-शिवानी होम्स-04 , वार्ड क्र.- 10 ,............. वार्ड,** क्षेत्रफल 800 व.फु., भूतल 652 व.फु., प्रथमतल 652 व.फु., **दस्तावेज- पंजीकृत विक्रय पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/330 2024-25 दिनांक 10/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1000620496 में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री लखविन्दर सिंह सेहरा/ स्व.श्री डी.एस. सेहरा** के स्थान पर आवेदक **श्रीमती रमनप्रीत कौर अरोरा, पति श्री ओंकार सिंह अरोरा एवं श्री ओंकार सिंह अरोरा, पिता- स्व. श्री मदन सिंह अरोरा** ने **मकान नं. 580/डी-02 , वार्ड क्र.- 10 ,............. वार्ड,** क्षेत्रफल 552 व.फु., भूतल 350 व.फु., प्रथमतल 400 व.फु., **दस्तावेज- विक्रय पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08,भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/08/भान./2024-25/.... दिनांक- 13.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री मो.नसीम, पिता- मक्सूद अहमद** ने भवन/ क्रमांक 1450 **वार्ड मौ.अ.क. वार्ड,** क्षेत्रफल 524 व.फु. **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 1450 पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-08 भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08,भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/08/भान./2024-25/.... दिनांक- 13.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री विवेक अग्रवाल, पिता- प्रकाश चंद्र अग्रवाल** ने भवन/ क्रमांक 244 **वार्ड हनुमानताल वार्ड,** क्षेत्रफल 830 व.फु. **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 244 पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-08 भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/एम/708/ दिनांक 17.03.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती सुषमा राजपूत, पति- स्व. श्री अजय सिंह** ने मकान नं. 495 पिन नं..... **वार्ड आचार्य विनोवा भावे वार्ड ,** भूतल आर. सी.सी. 660 व.फु., प्रथमतल 660 व.फु.,**शपथ पत्र, नोटरी विक्रयपत्र, सहमति पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 495 कमलेश टेलर्स के पास सरकारी कुआ के पास पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 435 दिनांक 18.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती नीलम पटैरिया, पिता- स्व. श्री रवीन्द्र नाथ पटैरिया** ने मकान नं. 809 नया 1011, सम्पत्ति पिन नं. 1000617142 **वार्ड कमला नेहरू वार्ड ,** क्षेत्रफल 2400 व.फु., भूतल 1500 व.फु., प्रथमतल 170 व.फु., **मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयतनामा,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 434 दिनांक 18.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री कीर्ती भानु, श्री अखिलेश, श्री ऋषिकेश एवं श्री देवेश, सभी के पिता- स्व. श्री देवदत्त मिश्रा** ने मकान नं. 417/च 6, सम्पत्ति पिन नं. 1000604667 **वार्ड विवेकानंद वार्ड ,** भूतल 2095 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 433 दिनांक 18.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री मिहिर कुमार झा, पिता- श्री त्रिलोक नाथ झा** ने मकान नं. प्लाट नं. 70, सम्पत्ति पिन नं. 2000280003 **वार्ड विवेकानंद वार्ड ,** क्षेत्रफल 910 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 432 दिनांक 18.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री ललित कुमार दुबे, पिता- स्व. श्री तपेश्वरी कु. दुबे** ने मकान नं. 2236/3 का भाग, सम्पत्ति पिन नं. 1003926191 **वार्ड मदन महल वार्ड ,** क्षेत्रफल 2000 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 431 दिनांक 18.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री मनोज श्रीवास्तव, पिता- श्री सरोज कुमार श्रीवास्तव,** ने मकान नं. 2059 बी 47 सम्पत्ति पिन नं. 1000497099 **वार्ड मदन महल वार्ड ,** भूतल 900 व.फु., **दानपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 430 दिनांक 18.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री सुनील वेद, पिता- श्री आर.के.वेद,** ने मकान नं. 2236/3 सम्पत्ति पिन नं. 1003926191 का भाग **वार्ड मदन महल वार्ड ,** क्षेत्रफल 1000 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/25/एम/256 दिनांक 18.03.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री देवेन्द्र कुमार साहू, पिता- स्व. श्री कमला प्रसाद साहू, श्रीमती रेखा साहू, पति- श्री देवेन्द्र कुमार साहू,** ने मकान नं. 586/सी-5 **वार्ड जयप्रकाश नारायण वार्ड,** क्षेत्रफल 630 व.फु., भूतल 530 व.फु., प्रथमतल 530 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/25/एम/255 दिनांक 17.03.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री विवके कुमार जैन, पिता- स्व. श्री राजमल जैन** ने मकान नं. 527/सी-2 **वार्ड चेरीताल वार्ड,** क्षेत्रफल 757 व.फु., भूतल 757 व.फु., प्रथमतल 757 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**


स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999